पंजाब राजभवन


सत्यमेव जयते

# संकल्प

## त्रैमासिक पत्रिका




मई '25 | जून '25 | जुलाई '25



# संदेश

## प्रिय पाठको,

आप सभी के समक्ष संकल्प पत्रिका का चौथा संस्करण प्रस्तुत करते हुए मुझे गर्व और संतोष की अनुभूति हो रही है। यह अंक मई, जून और जुलाई 2025 के महीनों के दौरान हुई प्रमुख गतिविधियों, विकास पहलों, नीतिगत निर्णयों और जनसंपर्क अभियानों का विस्तृत दस्तावेज़ है। संकल्प केवल घटनाओं का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि प्रशासन और समाज के बीच एक जीवंत सेतु है, जो संवाद, सहभागिता और संवेदनशील शासन की भावना को मजबूती देता है।

बीते तीन महीनों में हमने ऐसी अनेक ऐतिहासिक घड़ियाँ देखीं, जिन्होंने केवल प्रशासनिक परिप्रेक्ष्य को नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को भी झकझोरा। उनमें सबसे प्रमुख रहा ऑपरेशन सिंदूर–जो न केवल हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि भारत किसी भी चुनौती का जवाब निर्णायक, संतुलित और सटीक रूप से देना जानता है। इस अभियान ने देशवासियों के मन में सुरक्षा के प्रति नया विश्वास जगाया।

इन महीनों में मेरी अनेक केंद्रीय मंत्रियों, नीति-निर्माताओं और विशेषज्ञों से मुलाकातें हुईं, जिनमें विभिन्न विकास योजनाओं, अवसंरचना परियोजनाओं, और प्रशासनिक समन्वय को लेकर सार्थक विमर्श हुआ। यह सुनिश्चित किया गया कि नीति-निर्माण में ज़मीनी हकीकत और जन-आकांक्षाओं को बराबर महत्व मिले।

शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली। चंडीगढ़ और पंजाब के शैक्षिक संस्थानों ने अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ नवाचार, शोध और सामाजिक सहभागिता के क्षेत्र में भी प्रशंसनीय कार्य किया है। युवा विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ हमें न केवल गर्व का अनुभव कराती हैं, बल्कि भविष्य के प्रति आश्वस्त भी करती हैं। चाहे वह डिजिटल गवर्नेंस को सशक्त करने की दिशा में उठाए गए कदम हों, या फिर महिला सशक्तिकरण और सतत विकास से जुड़े कार्यक्रम–हर पहल में हमने यह प्रयास किया है कि शासन और सेवा के बीच की दूरी कम हो, और हर नागरिक को यह महसूस हो कि वह विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा है। इन सबके बीच देश ने एक महान प्रेरणास्रोत को खोया–वयोवृद्ध मैराथन धावक फौजा सिंह जी के निधन ने पूरे देश को शोकसंतप्त कर दिया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और अनुशासन की भावना आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।

मुझे विश्वास है कि संकल्प का यह संस्करण आपको केवल जानकारी नहीं देगा, बल्कि आत्ममंथन और सामाजिक भूमिका को लेकर प्रेरणा का भी स्रोत बनेगा।

**गुलाब चंद कटारिया**

**राज्यपाल, पंजाब एवं प्रशासक यू.टी. चंडीगढ़**

# ऑपरेशन सिंदूर

## चंडीगढ़ में राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में गूंजा संकल्प की वह घड़ी... टैगोर थिएटर से तिरंगा अर्बन पार्क तक

जब देश पुकारे, तो हम तैयार हों – यही आवाज़ थी जो मई 2025 को तपती दोपहर में चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर से तिरंगा अर्बन पार्क तक गूंज रही थी। यह केवल एक नारा नहीं था, यह एक आह्वान था – कर्तव्य का, समर्पण का, और देशभक्ति का। इस पुकार के पीछे जो चेहरा था, वह था पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी.चंडीगढ़ के प्रशासक, श्री गुलाब चंद कटारिया का – एक ऐसा नेता जिसकी वाणी में अनुभव की गहराई है, और हृदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम। मई और जून 2025 में चंडीगढ़ में जो हुआ, वह केवल एक सरकारी अभियान नहीं था – वह एक भावनात्मक राष्ट्रप्रेम की पुनर्जागृति थी। ऑपरेशन सिंदूर विजय के अंतर्गत हुए आयोजन केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की मिट्टी से जुड़ने का जीवंत अनुभव बन गए। इनमें हर वर्ग, हर उम्र के नागरिकों ने भाग लेकर यह संदेश दिया कि देश की सेवा किसी एक दिन या अवसर की मोहताज नहीं, बल्कि यह आजीवन संकल्प है। इन आयोजनों के केंद्र में थे पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया – एक ऐसा व्यक्तित्व जो मंच से बोलते नहीं, दिलों में उतरते हैं, और जिनकी उपस्थिति ही लोगों को देश के प्रति कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देती है।

**"भारत शांति चाहता है, पर आतंक के हर वार का जवाब सीमाओं पर ही मिलेगा — देश में किसी भी आतंकी गतिविधि को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 'ऑपरेशन सिंदूर' इसका अटल प्रमाण है।"**

**~ गुलाब चंद कटारिया ~**



# देश सेवा की शपथ - चंडीगढ़ के 3,000 युवा बने सुरक्षा के प्रहरी

**10 मई 2025**

चंडीगढ़ में एक ऐतिहासिक आयोजन हुआ, जिसने हजारों युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में राष्ट्र सेवा के पथ पर अग्रसर किया। टैगोर थिएटर और तिरंगा अर्बन पार्क में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में 3,000 से अधिक युवाओं ने नागरिक सुरक्षा नायकों के रूप में नामांकन किया। यह आयोजन केवल एक पंजीकरण शिविर नहीं था, यह था - एक आंदोलन का पुनर्जन्म। राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया का भाषण जैसे एक चिंगारी बनकर उभरा, जिसने हर युवा के हृदय में देशभक्ति की अग्नि प्रज्वलित कर दी। उन्होंने अदृश्य नायकों की मिसालें दीं - वे गुमनाम चेहरे जिन्होंने 1962, 1965 और 1971 के युद्धों में निःस्वार्थ भाव से योगदान दिया। उन्होंने कहा, उनके पास कोई पदक नहीं था, लेकिन उनके भीतर भारत का दिल धड़क रहा था। यह वाक्य हर युवा को झकझोर गया। जब राज्यपाल ने नागरिक सुरक्षा को केवल एक सेवा नहीं, बल्कि एक भावना, एक पवित्र जिम्मेदारी बताया, तो हर स्वयंसेवक ने उस भावना को आत्मसात कर लिया। राज्यपाल कटारिया ने स्वयं जाकर युवाओं से भेंट की, उन्हें प्रोत्साहन के शब्द दिए, कंधे पर हाथ रखकर विश्वास जताया। उन्होंने स्पष्ट कहा,आप किसी सैनिक से कम नहीं हैं। आप भारत का विश्वास लेकर चलते हैं। उनकी यह सादगी, यह अपनापन, यह विश्वास - यही है वह नेतृत्व जिसकी भारत को आवश्यकता है। जब वे बोले, तो ऐसा लगा कि एक पिता अपने बच्चों को राष्ट्र के लिए तैयार कर रहा है - न डाँटकर, न आदेश देकर, बल्कि भरोसे से, प्रेम से।







# संकट का सामना, देश की रक्षा
# चंडीगढ़ के प्लाज़ा सेक्टर 17 में मॉक ड्रिल में दिखा हौसला

**8 मई 2025**

ऑपरेशन सिंदूर विजय के अंतर्गत चंडीगढ़ के प्लाज़ा (सेक्टर 17) में नागरिक सुरक्षा की मॉक ड्रिल ने समूचे शहर को यह एहसास कराया कि नागरिक सजगता महज शब्द नहीं, एक व्यावहारिक अभ्यास है। धमाके की आवाज़, धुएं से भरे दृश्य, घायल होने का अभिनय, घबराई भीड़ और फिर - हरकत में आते नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक, जो घायलों को सुरक्षित निकालते हैं, एंबुलेंस तक पहुंचाते हैं, और अफरा-तफरी में अनुशासन की मिसाल पेश करते हैं। राज्यपाल श्री कटारिया इस मॉक ड्रिल के अंत में उपस्थित हुए। उन्होंने हर स्वयंसेवक की पीठ थपथपाई और कहा,जब आप अभ्यास करते हैं, तब आप संकट में भी डटकर खड़े होते हैं। यही तो असली देशभक्ति है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि इस तरह की मॉक ड्रिल हर स्कूल, कॉलेज और बस्ती में नियमित रूप से होनी चाहिए, जिससे नागरिक सजगता एक स्वभाव बन जाए।





# बुनियादी ढांचे के प्रहरी भी बने राज्यपाल

**8 मई 2025**

राज्यपाल श्री कटारिया ने किशनगढ़ पावर स्टेशन और सेक्टर 28 जल संयंत्र का दौरा किया। यह दौरा केवल निरीक्षण नहीं था - यह था सार्वजनिक सेवाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिचायक। उन्होंने अधिकारियों से संवाद किया, योजनाओं की समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि चंडीगढ़ वासियों को बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। यह नेतृत्व केवल मंच पर भाषण देने वाला नहीं है - यह धरातल पर खड़े होकर व्यवस्थाओं को समझने और उन्हें बेहतर बनाने वाला नेतृत्व है।





# राजभवन में सजी एकता की रंगोली हर धर्म का रंग शामिल

**10 मई 2025**

पंजाब राजभवन में आयोजित सर्वधर्म एवं सर्वदलीय बैठक राष्ट्रीय एकता, शांति और जिम्मेदारी का एक गूढ़ प्रतीक बन गई। भारत-पाक युद्धविराम की घोषणा के बाद उत्पन्न संवेदनशील परिस्थितियों में राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने इस संवाद का नेतृत्व किया, जिसमें सभी प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, सामाजिक संगठनों के सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। राज्यपाल ने युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए उन्हें अफवाहों से दूर रहने, आत्मानुशासन अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज जब देश को भीतरी मजबूती की आवश्यकता है, तब हर नागरिक का दायित्व है कि वह न केवल सेना के पराक्रम का सम्मान करे, बल्कि अपने कर्म और आचरण से भारत की एकता, अखंडता और गरिमा को और मजबूत बनाए। यह सभा एक औपचारिक चर्चा भर नहीं थी, बल्कि यह लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और राष्ट्रीय एकता का भावनात्मक संकल्प थी, जिसमें राज्यपाल की नेतृत्व क्षमता और संवेदनशील दृष्टिकोण पूरी तरह उजागर हुआ।



# राज्यपाल कटारिया का सराहनीय नेतृत्व राजनीतिक मतभेद भुलाकर एकजुट हुए दल



# सिंदूर का संदेश – न भूलेंगे, न माफ़ करेंगे
# पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि में डूबा चंडीगढ़ का प्लाजा

**1 जून 2025**

चंडीगढ़ के दिल, सेक्टर-17 स्थित प्लाजा में उस शाम कुछ अलग था। हवा में श्रद्धा थी, आँखों में नमी थी, और हर दिल में एक ही संकल्प—न भूलेंगे, न माफ़ करेंगे। 'एक शाम सेना के नाम' शीर्षक से आयोजित यह श्रद्धांजलि सभा, केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र के जख्मों पर मरहम रखने और उसके वीरों को नमन करने का एक ऐतिहासिक क्षण था। सिंदूर का संदेश, यही था इस संकल्प सभा का संदेश—जो ऑपरेशन सिंदूर के वीरों और पहलगाम के निर्दोष शहीदों को समर्पित था। कर्तव्यनिष्ठ संस्था द्वारा आयोजित इस आयोजन में आम नागरिकों से लेकर शहीदों के परिवारों तक, और प्रशासन से लेकर सशस्त्र बलों के प्रतिनिधियों तक, सभी ने एक स्वर में आतंक के विरुद्ध भारतीय संकल्प को मुखर किया।




## राज्यपाल कटारिया का राष्ट्र को संदेश

पंजाब के राज्यपाल और यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सभा को संबोधित करते हुए पहलगाम में शहीद हुए 28 निर्दोष नागरिकों और सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर कोई बदला नहीं, बल्कि भारत की न्यायपूर्ण प्रतिक्रिया थी। उनके भावनात्मक शब्दों ने उपस्थित जनसमूह को देशभक्ति से भर दिया मातृभूमि आहत हो सकती है, लेकिन वह कभी पराजित नहीं होती और भारत ने यह सिद्ध कर दिया।

## नार्को-आतंकवाद के खिलाफ चेतावनी

राज्यपाल ने नशे की लत को देश के खिलाफ एक नया और खतरनाक हथियार बताया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और इसके खिलाफ समाज को एकजुट करने की अपील की। श्री कटारिया ने कहा कि आज का दुश्मन बंदूक से नहीं, सीरिंज से हमला करता है और परिवारों को अंदर से तोड़ता है, इसलिए समाज को सजग और संगठित होकर इसका मुकाबला करना होगा।




## एकजुटता की शपथ और राष्ट्रीय संकल्प

कार्यक्रम में हजारों लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए मौन रखा और सामूहिक राष्ट्रशपथ ली कि वे आतंकवाद और नशे के खिलाफ हमेशा एकजुट रहेंगे। राष्ट्रीय ध्वज की पृष्ठभूमि में देशभक्ति गीतों और सम्मान समारोहों ने माहौल को भावुक बना दिया। यह कार्यक्रम न केवल श्रद्धांजलि का अवसर था, बल्कि भारत के अडिग संकल्प और वीरों के बलिदान को स्मरण करने का एक सशक्त प्रतीक भी बना।



# एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करता समारोह राज्यपाल श्री कटारिया के नेतृत्व में महाराष्ट्र और गुजरात स्थापना दिवस का उत्सव

**1 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी.चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में पंजाब राज भवन, चंडीगढ़ में महाराष्ट्र और गुजरात के स्थापना दिवस पर एक भव्य सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन **विविधता में एकता** की भावना को सशक्त रूप से दर्शाता है, जिसकी परिकल्पना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा **'एक भारत, श्रेष्ठ भारत'** अभियान के तहत की गई है। राज्यपाल ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों की परंपराओं और संस्कृति को सम्मान देकर ही हम राष्ट्रीय एकता को मजबूत बना सकते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि पंजाब राज भवन में इस प्रकार के समारोहों का आयोजन लोगों को भारत की बहुरंगी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनता है। इस अवसर पर गुजरात और महाराष्ट्र के राज्यपालों के वीडियो संदेश और दोनों राज्यों की विरासत पर आधारित दृश्य-श्रव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक भव्यता से परिचित कराया गया। समारोह में शहर के विभिन्न समुदायों और वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन को एक राष्ट्रीय एकता के उत्सव में बदल दिया।











# राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने पीजीआई में सेवा सदन का लोकार्पण किया, मरीजों को मिलेगा ठहराव मात्र 25 रुपये में

**1 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पीजीआईएमईआर परिसर में सेवा भारती चंडीगढ़ द्वारा निर्मित सेवा सदन का लोकार्पण किया गया। तीन मंज़िला इस भवन में 36 कमरों में 288 लोगों के ठहरने की व्यवस्था है। मात्र 25 रुपये प्रतिदिन प्रति शैय्या के नाममात्र शुल्क पर यह सुविधा मरीजों व उनके तीमारदारों को गरिमापूर्ण  आवास उपलब्ध कराती है। राज्यपाल ने इस पहल को सेवा भाव की मिसाल बताया और संस्थान के प्रयासों की सराहना की।





# शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्रप्रेम का संदेश राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने सेक्टर-8 गुरुद्वारे में की अरदास

**2 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सेक्टर-8, चंडीगढ़ स्थित गुरुद्वारा साहिब में आयोजित गुरबानी कीर्तन में श्रद्धाभाव से भाग लिया और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मिक शांति हेतु सामूहिक अरदास में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। यह भावपूर्ण क्षण शहीदों के प्रति श्रद्धा, राष्ट्र की एकता, अखंडता और शांति के प्रति संकल्प का प्रतीक बना। राज्यपाल ने कहा कि आतंकी घटनाएं हमारे संकल्प को डिगा नहीं सकतीं, बल्कि ये हमें और अधिक एकजुट करती हैं। गुरुद्वारे में गूंजती गुरबानी की स्वर लहरियों के बीच देशभक्ति और त्याग की भावना से ओतप्रोत यह आयोजन एक सशक्त भारत के प्रति आस्था और एकता का संदेश बनकर उभरा।





# राज्यपाल ने मॉडल जेल चंडीगढ़ में सुधारात्मक पहलों का किया लोकार्पण

**2 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मॉडल जेल, चंडीगढ़ का दौरा कर पांच नई सुविधाओं का उद्घाटन किया। इनमें अत्याधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल, आधुनिक नियंत्रण कक्ष, मनोहर वाटिका (नर्सरी), जीव वाटिका और उन्नत जिमनाज़ियम हॉल शामिल हैं। कॉन्फ्रेंस हॉल का उपयोग वर्चुअल बैठकों और प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा, जबकि नियंत्रण कक्ष से जेल परिसर की 24×7 निगरानी संभव होगी। नर्सरी में कैदियों को पौधों की देखभाल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और जीव वाटिका में पक्षियों के माध्यम से मानसिक उपचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। नई फिटनेस मशीनों से युक्त जिम कैदियों को नशामुक्त और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करता है।





प्रशासक ने जेल प्रशासन की सराहना करते हुए सुझाव दिया कि और अधिक सीसीटीवी कैमरे, फलदार वृक्ष, हरी सब्जियां और एक गौशाला की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि जेल को सुधार और पुनर्वास का केंद्र बनाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।



# नशे से दूर, जियो भरपूर
# चंडीगढ़ में राज्यपाल के नेतृत्व में ऐतिहासिक नशा विरोधी रैली

**3 मई 2025**

3 मई 2025 को चंडीगढ़ ने एक ऐतिहासिक क्षण देखा जब पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में राज्य स्तरीय नशा विरोधी रैली का आयोजन हुआ। यह रैली यूटी सचिवालय से प्रारंभ होकर सेक्टर 17 स्थित तिरंगा पार्क तक पहुँची, जिसमें श्री कटारिया ने ड्रग्स विरोधी एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। उनका यह कदम नशा मुक्त चंडीगढ़ मिशन की एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुआ, जिसकी शुरुआत 26 अप्रैल 2025 को धनास से हुई थी। इस रैली में हरियाणा एवं पंजाब के मुख्यमंत्री, हरियाणा के राज्यपाल, सांसदगण, धार्मिक संत, नगर निगम की महापौर, वरिष्ठ अधिकारी एवं 5,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। तिरंगा पार्क में हुई सभा में श्री कटारिया ने गुरु साहिब के जीवन से प्रेरणा लेकर युवाओं को राष्ट्र की सेवा में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं के लिए कौशल निर्माण और नशे से दूर सकारात्मक जीवन शैली को अपनाने पर बल दिया।



श्री कटारिया ने कहा कि यह अभियान केवल नशे के खिलाफ लड़ाई नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति है। उन्होंने नशा मुक्त भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी से एकजुट होने की अपील की। उनका स्पष्ट संदेश था - आइए, हम सब एकजुट होकर नशे को नकारें और भारत को स्वस्थ, सुरक्षित और नशा मुक्त बनाएं। इस प्रेरणादायक पहल को लाइव प्रसारण के माध्यम से 1.5 लाख से अधिक नागरिकों तक पहुँचाया गया, जिससे यह रैली एक जन-आंदोलन का रूप लेती दिखी। नशे से दूर, जियो भरपूर का संदेश केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्र के पुनर्जागरण की पुकार बन गया - और उस पुकार का नेतृत्व किया श्री गुलाब चंद कटारिया ने, जिनकी दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प चंडीगढ़ को एक नशा मुक्त मॉडल शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रेरणा बन चुके हैं।



# पीजीआईएमईआर में मनाया गया पहला वार्षिक सारथी दिवस
# राज्यपाल ने युवाओं के सेवा भाव को बताया राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक

**5 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में आयोजित पहले वार्षिक **सारथी दिवस** में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि **सारथी परियोजना** केवल रोगियों का मार्गदर्शन भर नहीं करती, बल्कि यह युवाओं में सेवा, सहानुभूति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी जाग्रत करती है। राज्यपाल ने कहा , जब युवा पहली बार निःस्वार्थ सेवा करते हैं, तब वे **स्व** से ऊपर उठकर समाज के लिए जीना शुरू करते हैं—यह स्वामी विवेकानंद के विचारों की साकार अभिव्यक्ति है।

राज्यपाल ने प्रोजेक्ट 'सारथी' को एक राष्ट्रीय स्तर की पहल बताया, जिसकी शुरुआत पीजीआईएमईआर से हुई थी और जिसे देशभर के 442 से अधिक अस्पतालों ने अपनाया। उन्होंने कहा कि पीजीआई न केवल चिकित्सा उत्कृष्टता के लिए, बल्कि अब मानवीय संवेदनाओं से युक्त सेवा संस्कृति के लिए भी पहचाना जा रहा है। इस अवसर पर एनएसएस के उत्कृष्ट स्वयंसेवकों और संस्थानों को सम्मानित किया गया, जिनमें सेक्टर-11 के पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज और सेक्टर-36 की एमसीएम डीएवी कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल थे। कार्यक्रम में पीजीआईएमईआर के निदेशक प्रो. विवेक लाल, उप निदेशक श्री पंकज राय, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. विपिन कौशल तथा कई कॉलेजों के प्राचार्य एवं एनएसएस अधिकारी उपस्थित रहे।








# पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने साक्षरता 2025 कार्यक्रम में बच्चों को दी शिक्षा की प्रेरणा

**5 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के टैगोर थियेटर में आयोजित **साक्षरता 2025** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन भारत विकास परिषद (चंडीगढ़ प्रांत) ने किया, जिसमें 78 सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के 606 जरूरतमंद एवं मेधावी छात्रों को शैक्षिक सहायता प्रदान की गई। श्री कटारिया ने इस अभियान को एक ऐसा राष्ट्रीय यज्ञ बताया जिसमें शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का संकल्प निहित है। राज्यपाल ने छात्रों को स्कूल बैग, जूते, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म व किताबें वितरित कीं और उनके साथ व्यक्तिगत संवाद करते हुए उन्हें परिश्रम, ईमानदारी और समर्पण से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, यह केवल एक किट वितरण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि उन बच्चों के जीवन में नई उम्मीद जगाने का माध्यम है, जो आर्थिक अभाव के कारण पीछे छूट सकते थे। शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की नींव है।









# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया

**6 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मलोया, सेक्टर-35, माखन माजरा और रायपुर कलां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) का दौरा किया। यह दौरा आरोग्य मंदिर उत्सव के तहत हुआ, जिसका उद्देश्य देशभर में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना है। उन्होंने डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड, टेलीमेडिसिन, मातृ-शिशु देखभाल, पोषण किट्स, और नि:शुल्क जांच व दवा वितरण सेवाओं का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने इन सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ये केंद्र आमजन तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

निरीक्षण के पश्चात यूटी सचिवालय में आयोजित एक समारोह में उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को उनके योगदान के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए। उन्होंने विशेष रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम, फार्मासिस्ट, और लैब टेक्नीशियनों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, आप ही वे स्तंभ हैं, जिन पर 'स्वस्थ भारत' की नींव टिकी है। आपकी मेहनत ने चंडीगढ़ को टेली-कंसल्टेशन के क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र बना दिया है।










# पंजाब लोक सेवा आयोग को मिला नया अध्यक्ष, राज भवन में संपन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**7 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राज भवन में मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) श्री विनायक सैनी को पंजाब लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आयोजित गरिमामय समारोह में राज्यपाल ने श्री सैनी को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि वे आयोग की निष्पक्षता, पारदर्शिता और उत्कृष्टता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राज्य की प्रशासनिक सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाएंगे।



# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर राज्यपाल ने पंजाब राजभवन में रेड क्रॉस ध्वज किया जारी

**8 मई 2025**



विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं पंजाब राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में आयोजित एक भव्य समारोह में रेड क्रॉस ध्वज जारी किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने मानवीय सेवाओं को बढ़ावा देने और विश्वविद्यालयों, कालेजों और स्कूलों के माध्यम से युवाओं को सक्रिय रूप से जोड़ने में पंजाब राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ध्वज करुणा, सेवा और समर्पण का प्रतीक है, जो आपदा और संकट के समय पीड़ितों के लिए आशा की किरण बनकर उभरता है।

# राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन राज्यव्यापी रक्तदान अभियान की शुरुआत भी की

**8 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सेक्टर 17 प्लाजा में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और जीएमसीएच-32 द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया, जिसमें 100 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र हुआ। उन्होंने रक्तदाताओं को मूक नायक कहकर सम्मानित किया और युवाओं से रक्तदान को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। इसी दिन उन्होंने पंजाब रेड क्रॉस के राज्यव्यापी रक्तदान अभियान की भी शुरुआत की, जो प्रदेश के सभी 23 जिलों में एक साथ आयोजित हुआ।





# देशभक्ति की नई पारी - यूटीसीए ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन
# रक्तदान केवल सेवा नहीं, यह राष्ट्र के प्रति कर्तव्य है - राज्यपाल

12 मई 2025



राष्ट्र की एकजुटता और सेवा की भावना को नई ऊँचाई देते हुए, यूनियन टेरिटरी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) ने चंडीगढ़ के सेक्टर 16 क्रिकेट स्टेडियम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर पीजीआईएमईआर के ब्लड बैंक और जीएमसीएच-16 के रक्त आधान विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ। पंजाब के राज्यपाल और यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में इस शिविर में शिरकत की। उन्होंने रक्तदाताओं से बातचीत की और उनकी भावना की सराहना करते हुए कहा जब हमारे सैनिक सीमा पर तैनात हैं, तो हम भी राष्ट्र सेवा में भागीदार बन सकते हैं - रक्तदान उसी सेवा का सशक्त रूप है। इस शिविर में क्रिकेटरों, खेल अधिकारियों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें श्री आर.के. सिंह, आईजी, चंडीगढ़ पुलिस श्रीमती कंवरदीप कौर, एसएसपी, चंडीगढ़ श्री सौरभ अरोड़ा, निदेशक खेल, यूटी चंडीगढ़ शामिल थे। यूटीसीए का यह रक्तदान शिविर केवल एक आयोजन नहीं था, यह एक जनांदोलन था–जिसने यह साबित किया कि खेल संगठन भी संकट की घड़ी में राष्ट्र सेवा का प्रभावशाली माध्यम बन सकते हैं। हर रक्तदाता, हर स्वयंसेवक और हर क्रिकेट प्रेमी ने इस दिन सिर्फ रक्त नहीं दिया, बल्कि देश के लिए अपना संकल्प भी दोहराया।

# राज्यपाल कटारिया ने आईएएस परिवीक्षार्थियों को सुशासन व जनसेवा के लिए किया प्रेरित

20 मई 2025

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में आए आईएएस परिवीक्षार्थियों के एक समूह से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने उन्हें ईमानदारी, संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ जनसेवा हेतु प्रेरित किया तथा संविधान की गहरी समझ और स्थानीय भाषा सीखने की सलाह दी।



# राजभवन परिवार की नई परंपरा – राज्यपाल श्री कटारिया ने राजभवन कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**21 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल और यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन के गुरु नानक ऑडिटोरियम में आयोजित एक सादे लेकिन भावनात्मक समारोह में राजभवन कर्मचारियों के 16 मेधावी बच्चों को सम्मानित कर न केवल उन्हें, बल्कि पूरे 'राजभवन परिवार' को गौरवान्वित किया। इस आयोजन में कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार राशि और मान्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। राज्यपाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की लगन और परिश्रम के साथ-साथ उनके माता-पिता-जो कि राजभवन में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैंक-के त्याग और समर्पण की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा, राजभवन केवल एक प्रशासनिक भवन नहीं, बल्कि एक परिवार है, जिसमें चतुर्थ श्रेणी से लेकर प्रथम श्रेणी तक के सभी सदस्य बराबर के हिस्सेदार हैं। इस परिवार के मुखिया के रूप में मेरी ज़िम्मेदारी है कि सभी सदस्यों को उनके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु हरसंभव सहायता मिले। इस पहल के तहत कुल 7.95 लाख रुपये की पुरस्कार राशि विभिन्न श्रेणियों में वितरित की, जिसमें कक्षा 10वीं और 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों के साथ-साथ नीट/ जेईई की तैयारी कर रहे, व्यावसायिक कोर्स में दाखिला ले चुके और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई।





# राज्यपाल श्री कटारिया ने चंडीगढ़ पुलिस की 26 नई पीसीआर गाड़ियों को किया रवाना

**22 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ पुलिस की 26 नई पीसीआर गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा जन-सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उपायों पर चर्चा की गई।




# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 'मिस्टर प्रोपटेक' विश्व के पहले एआई - सक्षम प्रॉपर्टी बुकिंग ऐप का किया लोकार्पण

**27 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ में आयोजित एक समारोह में 'मिस्टर प्रोपटेक' – विश्व का पहला एआई-सक्षम प्रॉपर्टी बुकिंग ऐप – लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, और स्किल इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियानों के उद्देश्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने युवाओं को नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए तकनीक को जनहित में उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया।



# राज्यपाल ने दी उच्च शिक्षा को नई दिशा

## चंडीगढ़ राजभवन में 'कॉलेजों की स्वायत्तता' पर संगोष्ठी आयोजित

**22 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में चंडीगढ़ के कॉलेजों को स्वायत्त बनाना विषय पर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, नवाचार और लचीलापन लाने का स्पष्ट रोडमैप देती है और कॉलेजों को भविष्य के लिए तैयार बनाना हमारा साझा उत्तरदायित्व है। राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई इस संगोष्ठी में यूजीसी के संयुक्त सचिव डॉ. आर. मनोज कुमार, फर्ग्यूसन कॉलेज, पुणे के पूर्व प्राचार्य डॉ. रवींद्र परदेशी, पंजाब विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. रेणु विग और राज्य उच्च शिक्षा परिषद के सदस्य डॉ. दलीप कुमार सहित विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। सभी वक्ताओं ने राज्यपाल द्वारा प्रस्तुत दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए स्वायत्तता को संस्थागत विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया।



राज्यपाल की उपस्थिति में हुई इस संगोष्ठी में शहर के सभी सरकारी और निजी कॉलेजों के प्राचार्य और शिक्षकगण शामिल हुए। शिक्षा सचिव सुश्री प्रेरणा पुरी, निदेशक उच्च शिक्षा श्री रुबिंदरजीत सिंह बराड़ समेत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। यह संगोष्ठी राज्यपाल की पहल पर चंडीगढ़ की उच्च शिक्षा को नई दिशा देने की ओर एक ठोस कदम रही।



# राजभवन बना खेल और बदलाव का मंच
# राज्यपाल ने किया गली क्रिकेट चैंपियनों का सम्मान

**23 मई 2025**

चंडीगढ़ में खेल और सामाजिक जागरूकता के समन्वय का एक शानदार उदाहरण 'गली क्रिकेट 2025' टूर्नामेंट, पंजाब राजभवन में आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस प्रेरक आयोजन की अध्यक्षता पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने की। टूर्नामेंट का आयोजन बल्ला घुमाओ, नशा भगाओ थीम पर यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) और चंडीगढ़ पुलिस द्वारा किया गया था, जिसमें 576 टीमों के 6,912 खिलाड़ियों ने भाग लेकर इस आयोजन को अभूतपूर्व सफलता दिलाई।




राज्यपाल श्री कटारिया ने अपने उद्बोधन में इस आयोजन को केवल खेल प्रतियोगिता न मानते हुए इसे सामाजिक बदलाव की दिशा में एक मजबूत प्रयास बताया। विजेता टीमों और व्यक्तिगत पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करते हुए राज्यपाल ने प्रत्येक उत्कृष्ट खिलाड़ी को 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की। समारोह में खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार वितरित किए गए, वहीं सेमीफाइनलिस्ट टीमों को जूता किट, लड़कों को मेडिकल किट और लड़कियों को स्वच्छता किट प्रदान की गईं, जिससे आयोजन का समग्र और समावेशी दृष्टिकोण स्पष्ट हुआ। टूर्नामेंट में लड़कों की श्रेणी में टीम 187 और लड़कियों की श्रेणी में टीम 1 ने खिताब जीता, जबकि व्यक्तिगत श्रेणियों में मोहम्मद शाहबाज, सूरज कुमार, प्रभजोत कौर और अयाना को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।



# प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नीति आयोग बैठक राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ की उपलब्धियों और चुनौतियों पर रखा दृष्टिकोण

**24 मई 2025**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ की विकास यात्रा और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य 2047' विषयक इस बैठक में श्री कटारिया ने केंद्र शासित प्रदेश के सतत, समावेशी और हरित विकास की दिशा में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ 'ग्रे से ग्रीन' की ओर बढ़ रहा है। इस दिशा में ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देना, स्वच्छ और नवीनीकृत ऊर्जा के स्रोतों का उपयोग, ऊर्जा दक्ष भवनों का निर्माण, तथा इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रोत्साहन प्रमुख हैं। इसके तहत सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाई गई है, साथ ही साइकिल पथ और साइकिल शेयरिंग परियोजनाओं को गति दी गई है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ी पहल मानी जा रही है।

राज्यपाल ने कहा कि ऊर्जा बचत के लिए स्मार्ट ग्रिड सिस्टम और ऊर्जा दक्षता मापदंडों को लागू किया जा रहा है। इसके साथ ही, शहरी क्षेत्रों में पेड़ लगाना, वर्षा जल संचयन और जैव विविधता संरक्षण जैसे पर्यावरणीय कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। चंडीगढ़ के हरित विकास मॉडल को अन्य शहरों के लिए प्रेरणा स्रोत बनाने की दिशा में काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप चंडीगढ़ में स्किल हब्स का विस्तार कर युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक कौशल प्रदान किए जा रहे हैं। स्टार्टअप्स और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए इन्नोवेशन हब्स और टेक्नोलॉजी इनक्यूबेटर्स स्थापित किए गए हैं। युवाओं को डिजिटल कौशल, हरित तकनीक और उद्यमिता में प्रशिक्षित करने के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे वे भविष्य की मांग के अनुरूप तैयार हो सकें।




राज्यपाल ने चंडीगढ़ के सामने निवेश आकर्षित करने में आने वाली चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। केंद्र शासित प्रदेश होने के कारण कुछ वित्तीय और प्रशासनिक बाधाएं हैं, जो निवेश को प्रभावित करती हैं। उन्होंने गिफ्ट सिटी की तर्ज पर चंडीगढ़ के लिए विशेष प्रोत्साहन नीति की मांग की, जिसमें आईटी, ग्रीन टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप्स को टैक्स छूट, सब्सिडी और नियामकीय सरलता जैसे प्रावधान दिए जाएं। इस नीति से निवेशकों को आकर्षित कर रोजगार और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। राज्यपाल ने बिजली वितरण के निजीकरण के मॉडल को भी साझा किया, जो सेवा की गुणवत्ता सुधारने और वितरण में दक्षता लाने में सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने ज़ीरकपुर बाइपास के निर्माण को महत्वपूर्ण बताया, जो शहर के यातायात दबाव को कम करेगा और आर्थिक गतिशीलता में इजाफा करेगा। महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देते हुए, उन्होंने महिला स्टार्टअप्स और स्वरोजगार योजनाओं पर जोर दिया, जिससे आर्थिक सशक्तिकरण बढ़ेगा। चंडीगढ़ की उच्च शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो (GER) को राज्यपाल ने गर्व से साझा किया, जो शिक्षा के क्षेत्र में चंडीगढ़ की गुणवत्ता और पहुंच का संकेत है। इसके माध्यम से अधिक से अधिक युवा शिक्षा के अवसर पा रहे हैं, जो देश के मानव संसाधन विकास के लिए आवश्यक है।

अंत में, श्री कटारिया ने प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने के लिए चंडीगढ़ की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय क्षेत्रों में संतुलित विकास कर एक मॉडल शहर बनने की दिशा में अग्रसर है। केंद्र और राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों के समन्वित प्रयासों से भारत एक मजबूत, समृद्ध और विकसित राष्ट्र के रूप में उभरेगा।

# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से की बैठक पंजाब और चंडीगढ़ के विकास, युवाओं के सशक्तिकरण और नशा उन्मूलन पर रखी प्राथमिकताएं

**25 मई 2025**

नई दिल्ली दौरे के दौरान पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने देश के कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया। उन्होंने श्री नितिन गडकरी (केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री), श्री अश्विनी वैष्णव (केंद्रीय रेल मंत्री), श्री मनसुख मंडाविया (केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा मामले एवं खेल मंत्री) और श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया (केंद्रीय संचार मंत्री) से मुलाकात कर चंडीगढ़ और पंजाब से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों जैसे सड़क-रेल संपर्क, सार्वजनिक परिवहन, खेल अवसंरचना, युवाओं को रोजगार, और नशा उन्मूलन पर सहयोग मांगा। इसके साथ ही उन्होंने राजस्थान सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों श्री जोगाराम पटेल (संसदीय कार्य, कानून और कानूनी मामलों के मंत्री) और श्री जवाहर सिंह बेदम (पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन राज्य मंत्री) से भी मुलाकात की। ये चर्चाएं अंतर-राज्यीय सहयोग और शासन में सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान पर केंद्रित थीं।



*श्री गुलाब चंद कटारिया एवं श्री नितिन गडकरी*



*श्री गुलाब चंद कटारिया एवं श्री अश्विनी वैष्णव*




*श्री गुलाब चंद कटारिया एवं श्री मनसुख मंडाविया*



*श्री गुलाब चंद कटारिया एवं श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया*



*श्री गुलाब चंद कटारिया एवं श्री गंगा प्रसाद*



*श्री गुलाब चंद कटारिया, श्री जवाहर सिंह बेदम एवं श्री जोगाराम पटेल*

# राज्यपाल ने टिकाऊ कृषि और मृदा स्वास्थ्य के लिए राष्ट्रीय सॉइल यात्रा का किया शुभारंभ, वैज्ञानिक खेती को बताया भविष्य की आवश्यकता

**28 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक ने राजभवन से विकसित कृषि संकल्प अभियान और सॉइल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह 12 दिवसीय अभियान पंजाब के 17 जिलों में किसानों को मृदा परीक्षण, जैविक समाधान और टिकाऊ खेती के लिए प्रेरित करेगा। राज्यपाल ने इसे जलवायु-अनुकूल कृषि की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया और रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक तकनीकों को अपनाने पर बल दिया।



# सम्मान, समर्पण और संकल्प की मिसाल बनीं संघर्षशील माताएं राज्यपाल ने किया 10 वीरांगना माताओं का सम्मान

**28 मई 2025**

पंजाब के राज्यपाल और यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मोहाली के मानव मंगल स्मार्ट स्कूल तथा डॉ. जी.सी. मिश्रा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मां सम्मान समारोह के 12वें संस्करण में 10 संघर्षशील माताओं को सम्मानित किया। ये माताएं विपरीत परिस्थितियों में भी अदम्य साहस और समर्पण के साथ अपने बच्चों को डॉक्टर, आईएएस, प्रिंसिपल जैसे प्रतिष्ठित पदों तक पहुँचाने में सफल रहीं। समारोह में 'मदर ऑफ द ईयर' का सम्मान श्रीमती माधुरी सिंह को प्रदान किया गया, जिन्होंने 40 अनाथ बच्चों की परवरिश कर समाज में मातृत्व और सेवा की अनुपम मिसाल प्रस्तुत की। राज्यपाल ने 'मां' को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए उनके योगदान को नमन किया और कहा कि समाज में सशक्त और संवेदनशील पीढ़ी के निर्माण में माताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।



# चंडीगढ़ में खेल महोत्सव केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने अत्याधुनिक खेल परिसरों का लोकार्पण किया

**31 मई 2025**

31 मई का दिन चंडीगढ़ के लिए खेल क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतीक बन गया। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया तथा पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने संयुक्त रूप से अत्याधुनिक खेल परिसरों का लोकार्पण किया और उत्कृष्ट खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया।




## खिलाड़ियों को मिला मंच और मान, चमक उठे सपनों के सितारे

चंडीगढ़ के समर्पित और परिश्रमी खिलाड़ियों को इस दिन वह पहचान मिली, जिसके वे वास्तव में हकदार थे। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 448 खिलाड़ियों को 5.67 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई, वहीं 320 उभरते खिलाड़ियों को 1.32 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति डिजिटल माध्यम से दी गई, जिससे पारदर्शिता और विश्वास दोनों को बल मिला।पैरा एथलीट्स को भी विशेष सम्मान दिया गया, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का मनोबल बढ़ाया। मंच पर बुलाकर किए गए इस सम्मान ने पूरे माहौल को गौरवमयी बना दिया।









# चंडीगढ़ में खेल सुविधाओं का सुनहरा युग प्रारंभ

**31 मई 2025**

इस गौरवशाली अवसर पर, केंद्रीय मंत्री और प्रशासक ने मिलकर दो अत्याधुनिक शतरंज केंद्रों का उद्घाटन किया – एक सेक्टर-8 में और दूसरा सेक्टर-39 में। इसके साथ ही 6 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित स्नूकर एवं बिलियर्ड्स हॉल का सेक्टर-42 में लोकार्पण किया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरते हैं। डॉ. मंडाविया ने आश्वासन दिया कि चंडीगढ़ को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षकों के साथ एक मल्टी-डिसिप्लिन खेल परिसर की सौगात भी दी जाएगी, जहाँ विभिन्न खेलों का अभ्यास एक ही स्थान पर संभव होगा।

अपने संबोधन में श्री गुलाब चंद कटारिया ने बताया कि चंडीगढ़ देश का पहला शहर है, जिसने अब तक लगभग 20 करोड़ रुपये की छात्रवृत्तियाँ खिलाड़ियों को प्रदान की हैं। उन्होंने अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन के सहयोग से चलाए जा रहे ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम (ओवीईपी) की सराहना की, साथ ही गली क्रिकेट अभियान के माध्यम से युवाओं तक खेलों की पहुँच सुनिश्चित करने हेतु श्री संजय टंडन और चंडीगढ़ पुलिस का अभिनंदन किया।




# वॉलीबॉल को नई उड़ान और दौड़ता चंडीगढ़ भविष्य की पहल

इस अवसर पर चंडीगढ़ मैराथन 2025 का लोगो और टैगलाइन भी लॉन्च किया गया, जो फिटनेस, जनसहभागिता और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह मैराथन सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए स्वास्थ्य और जोश का प्रतीक बनेगी। इसके साथ ही शिक्षा विभाग, यूटी चंडीगढ़ और अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के बीच एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी में एफआईवीबी वॉलीबॉल फाउंडेशन (स्विट्जरलैंड) और फैडरेशन इंटरनेशनल डी वॉलीबॉल (एफआईवीबी) का सहयोग भी शामिल है, जिसके तहत चंडीगढ़ के 108 स्कूलों में वॉलीबॉल की अवसंरचना और प्रशिक्षण का विकास किया जाएगा।



# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ का पंजाब राज भवन में किया स्वागत

**5 जून 2025**

पंजाब के राज्यपाल और यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी का पंजाब राज भवन, चंडीगढ़ में गर्मजोशी से स्वागत किया। राज्यपाल ने इस सौहार्दपूर्ण भेंट को स्मरणीय बताते हुए कहा कि उनके साथ हुई संवादपूर्ण बातचीत और गरिमामय उपस्थिति ने इस मुलाकात को विशेष बना दिया।





# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने कल्पवृक्ष लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**5 जून 2025**




विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सेक्टर 42 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स परिसर में कल्पवृक्ष का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक और सार्थक पहल की। उन्होंने पौधारोपण के माध्यम से यह संदेश दिया कि प्रकृति के साथ जुड़ाव और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है। इस अवसर पर उन्होंने “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान की विशेष रूप से सराहना की और इसे भावनात्मक जुड़ाव के साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक अभिनव प्रयास बताया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इको वॉरियर्स–कॉलेज की छात्राओं, शिक्षकों और माली समुदाय के सदस्यों को उनके समर्पित हरित योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और समाज के सभी वर्गों से प्रकृति संरक्षण के इस प्रयास में सहभागी बनने की अपील की।

# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 198 नवनियुक्त टीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे, शिक्षा को बताया राष्ट्र निर्माण का आधार

**5 जून 2025**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष समारोह में पंजाब के राज्यपाल और यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने 198 नवनियुक्त प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (टीजीटी) को नियुक्ति पत्र सौंपे। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने शिक्षकों को समाज का निर्माता बताते हुए कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपने कार्य, आचरण और विचारों से विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनें और शिक्षा को नवाचार का मंच बनाएं।









राज्यपाल ने पारदर्शी और संरचित चयन प्रक्रिया के लिए चंडीगढ़ प्रशासन की सराहना की, जिससे शहर की शिक्षा प्रणाली को एक नई मजबूती मिली है। वर्तमान में 111 सरकारी स्कूलों में लगभग 1.5 लाख छात्र अध्ययनरत हैं, और इन नियुक्तियों से शिक्षण व्यवस्था को और अधिक सशक्त करने में मदद मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि यह नियुक्ति सिर्फ एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ठोस कदम है।









# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने डीएवी कॉलेज होशियारपुर में नशे के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का संदेश दिया

**8 जून 2025**




पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने 8 जून को डीएवी कॉलेज, होशियारपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विलेज डिफेंस कमेटियों के सदस्यों को संबोधित करते हुए नशे के विरुद्ध निर्णायक जनआंदोलन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता और जनभागीदारी से ही संभव है। हर माता-पिता, हर गांव और हर संस्था की जागरूकता व सक्रियता से ही इस जहर के खिलाफ कारगर मोर्चा खड़ा किया जा सकता है। राज्यपाल ने युवाओं को विशेष रूप से प्रेरित करते हुए कहा कि यदि पंजाब को अपनी सांस्कृतिक और सामाजिक नेतृत्व की भूमिका में फिर से स्थापित करना है, तो नशे के खिलाफ यह संघर्ष पूरी गंभीरता और एकजुटता से लड़ना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति नहीं, पूरे समाज को खोखला करता है और इससे मुक्ति के लिए समाज को ही नेतृत्व करना होगा।

## नशा मुक्ति केंद्र का दौरा कर राज्यपाल ने युवाओं को दिया सकारात्मक संदेश

पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने होशियारपुर जिले के फतेहगढ़ स्थित पुनर्वास केंद्र का दौरा किया और उपचाराधीन मरीजों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने नशा मुक्ति के मार्ग पर चल रहे युवाओं को सकारात्मक सोच, आत्मबल और समाज के सहयोग से नया जीवन प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने यह संदेश दिया कि हर व्यक्ति बदलाव का पात्र है और समाज को ऐसे प्रयासों में सहभागी बनना चाहिए। पुनर्वास केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि उम्मीद, सहारा और पुनर्निर्माण की प्रक्रिया है।



## सक्षम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली कैंटीन का शुभारंभ



पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने होशियारपुर स्थित टोपची सी.एस.डी कैंटीन में 'विंग्स प्रोजेक्ट' के अंतर्गत विशेष बच्चों के लिए शुरू की गई कैंटीन का उद्घाटन किया। यह पहल विशेष रूप से सक्षम युवाओं को रोजगार देकर उन्हें आत्मनिर्भर और गरिमापूर्ण जीवन की ओर अग्रसर करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। राज्यपाल ने इस अवसर को समाज में आशा, अवसर और सम्मान की भावना को मजबूत करने वाला कदम बताया, जो समावेशी विकास की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# ऑपरेशन सिंदूर – जब राष्ट्रप्रेम सड़कों पर उतरा

**9 जून 2025**

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा में आयोजित ऑपरेशन सिंदूर विजय यात्रा में राज्यपाल श्री कटारिया ने न केवल भाग लिया, बल्कि उसे एक जनांदोलन का स्वरूप दिया। उन्होंने कहा, यह यात्रा भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता, त्याग और अदम्य साहस का प्रतीक है। जो राष्ट्र अपने वीरों को सम्मान देता है, वही सशक्त बनता है। इस यात्रा में एनसीसी कैडेट्स, छात्र, शिक्षक और नागरिकों की भारी भागीदारी ने यह सिद्ध किया कि राष्ट्रप्रेम आज भी जीवंत है - बस उसे एक सच्चे मार्गदर्शक की आवश्यकता है। ऑपरेशन सिंदूर विजय केवल एक श्रृंखला नहीं थी - यह था एक भाव, एक आंदोलन, एक राष्ट्र के नवजागरण का प्रतीक और इस संपूर्ण यात्रा में यदि कोई एक चेहरा सबसे प्रमुख था, तो वह था - श्री गुलाब चंद कटारिया का। उनकी आवाज़ में गूंजता है भारत का आत्मसम्मान, उनकी दृष्टि में झलकता है युवा शक्ति पर अटूट विश्वास और उनके हर कदम में दिखाई देती है भारत माता के प्रति निस्वार्थ भक्ति।




# राज्यपाल ने एल.पी.यू. सम्मेलन में नई शिक्षा नीति 2020 पर रखे विचार

**9 जून 2025**

पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा में आयोजित एक महत्वपूर्ण सम्मेलन में शिक्षकों के प्रशिक्षण और पेशेवर विकास पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा समाज की नींव है और शिक्षक उस नींव के निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षकों को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण दिया जाए, तो वे विद्यार्थियों को और अधिक सक्षम बनाकर देश के भविष्य को सशक्त दिशा दे सकते हैं। सम्मेलन में राज्य भर की यूनिवर्सिटीज़ और संस्थानों के कुलपति एवं निदेशक शामिल हुए। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रस्तावित इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (ITEP) पर विस्तार से चर्चा की गई। राज्यपाल ने कहा कि यह नीति शिक्षकों की तैयारी को वैज्ञानिक, समन्वित और व्यवस्थित रूप देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सम्मेलन के दौरान उन्होंने कहा कि पंजाब में कई संस्थानों ने पहले ही यह नया कोर्स प्रारंभ कर दिया है और आज का यह आयोजन अन्य विश्वविद्यालयों को भी प्रेरित करेगा। उन्होंने आशा जताई कि पंजाब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर सकता है।



# राज्यपाल ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**10 जून 2025**




पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, घरुआं में आयोजित प्रथम 'सीयू स्कॉलर समिट 2025' में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने देश के 20 राज्यों से चयनित मेधावी विद्यार्थियों को अकादमिक-कम-मेरिट स्कॉलरशिप से सम्मानित किया। समारोह में सांसद एवं कुलाधिपति श्री सतनाम सिंह संधू भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कहा कि ये प्रतिभाशाली विद्यार्थी राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य हैं, जो ज्ञान और नैतिक मूल्यों के साथ समाज की सेवा करते रहेंगे।

# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पद्मश्री से सम्मानित और प्रसिद्ध हजूरी रागी भाई हरजिंदर सिंह जी (श्रीनगर वाले) को राजभवन में किया सम्मानित



**10 जून 2025**

पंजाब के राज्यपाल और यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित विश्वविद्यालयों/संस्थानों के कुलपति/निदेशक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने उच्च शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए कहा कि शिक्षा संस्थानों को नवाचार, अनुसंधान और नैतिक मूल्यों के साथ नई पीढ़ी को गढ़ने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। राज्यपाल ने शिक्षा प्रणाली को गुणवत्ता, समावेशिता और व्यावहारिकता की ओर ले जाने का आह्वान किया।

# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने एनआईटीटीटीआर में पर्यावरण कार्यशाला के समापन पर शिक्षा व प्रकृति पर संबोधन दिया

**10 जून 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ में आयोजित पर्यावरण कार्यशाला के समापन पर कहा कि शिक्षा को जीवन मूल्यों और प्रकृति से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने विद्या भारती और आयुष मंत्रालय के इस संयुक्त प्रयास की सराहना करते हुए छात्रों में प्रकृति प्रेम और संरक्षण की भावना जगाने के लिए स्कूलों में हर्बल गार्डन और इको क्लब की स्थापना की वकालत की। राज्यपाल ने इस आयोजन को केवल एक कार्यशाला नहीं, बल्कि हरित और संतुलित भविष्य की दिशा में उठाया गया जागरूक कदम बताया और पर्यावरण शिक्षा को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान किया।



# राज्यपाल ने किया 237 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान
# चंडीगढ़ में तीन क्रांतिकारी शैक्षणिक पहलों की शुरुआत

**11 जून 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने आज पीजी गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, सेक्टर-42 में आयोजित एक भव्य समारोह में कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 237 मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र एवं 5000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया। यह क्षण न केवल छात्रों और उनके परिजनों, शिक्षकों के लिए गौरवपूर्ण रहा, बल्कि पूरे चंडीगढ़ शहर के लिए भी गर्व का विषय बना। राज्यपाल ने इस अवसर पर चार सरकारी स्कूलों के उन प्राचार्यों और शिक्षकों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने अपने स्कूलों का 100प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे सार्वजनिक शिक्षा तंत्र में निहित गुणवत्ता और शिक्षकों की निष्ठा का प्रमाण है।





इस अवसर पर श्री कटारिया ने चंडीगढ़ में तीन महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक पहलों की भी शुरुआत की, जो शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी

**अडॉप्ट-अ-स्कूल मेंटरशिप पहल** - इस कार्यक्रम के तहत चंडीगढ़ के 42 सरकारी स्कूलों को विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी पेशेवरों से जोड़ा गया है, जो 60,000 से अधिक विद्यार्थियों को जीवन कौशल, स्वास्थ्य, मूल्यों और डिजिटल साक्षरता के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

**प्रोजेक्ट उड़ान** - यह पहल 700 मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को जेईई, नीट, एनडीए, आईएएस, पीसीएस जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग प्रदान करेगी। इसे प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों के सहयोग से संचालित किया जाएगा।

**कैशलेस कैंपस सेवा** - इस पहल के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में वित्तीय लेनदेन को डिजिटल माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और छात्रों को डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक नया आयाम मिलेगा।



# पंजाब के राज्यपाल ने भगत कबीर जी की 630वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि, संत विचारों को बताया आज की जरूरत

**11 जून 2025**



पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने लांडरां स्थित भगत कबीर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संत शिरोमणि भगत कबीर जी की 630वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि भगत कबीर जी के समरसता, करुणा और सत्य के संदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और समाज को जोड़ने का मार्ग दिखाते हैं।

# ग्रीन फ्यूचर लीडरशिप समिट में राज्यपालने किया स्वच्छ ऊर्जा को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान



**11 जून 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने हयात रीजेंसी, चंडीगढ़ में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित ग्रीन फ्यूचर लीडरशिप समिट में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अक्षय ऊर्जा में निवेश करना भविष्य को सुरक्षित करने का एकमात्र रास्ता है। समिट में CREST, HAREDA, PSPCL जैसे अग्रणी संगठनों को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने सभी नीति निर्माताओं और नवोन्मेषकों से आह्वान किया कि वे स्वच्छ ऊर्जा को जन-आंदोलन में बदलें।

# राज्यपाल से मिले पंजाब के महाधिवक्ता हुई महत्वपूर्ण चर्चा

**14 जून 2025**

पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, घरुआं में आयोजित प्रथम 'सीयू स्कॉलर समिट 2025' में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने देश के 20 राज्यों से चयनित मेधावी विद्यार्थियों को अकादमिक-कम-मेरिट स्कॉलरशिप से सम्मानित किया। समारोह में सांसद एवं कुलाधिपति श्री सतनाम सिंह संधू भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कहा कि ये प्रतिभाशाली विद्यार्थी राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य हैं, जो ज्ञान और नैतिक मूल्यों के साथ समाज की सेवा करते रहेंगे।



# संविधान (129वां संशोधन) विधेयक 2024 एवं संघ राज्य क्षेत्र क़ानून (संशोधन) विधेयक 2024 पर गठित संयुक्त संसदीय समिति के सदस्यों का हुआ स्वागत

**11 जून 2025**

संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और संघ राज्य क्षेत्र क़ानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर गठित संयुक्त संसदीय समिति के सम्मान में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया द्वारा होटल माउंट व्यू, सेक्टर 10 में एक भव्य रात्रिभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी माननीय सांसदों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। रात्रिभोज के दौरान विधेयकों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ, जिससे यह आयोजन केवल एक औपचारिक मिलन नहीं बल्कि संवाद की एक सार्थक मिसाल बन गया।

राज्यपाल श्री कटारिया ने अपने संबोधन में संसदीय समितियों की भूमिका को लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि इस प्रकार के अनौपचारिक संवाद न केवल आपसी समझ को बढ़ाते हैं, बल्कि विधायी प्रक्रिया को भी अधिक समावेशी और प्रभावशाली बनाते हैं। उन्होंने समिति के कार्य की सराहना करते हुए यह भी आशा व्यक्त की कि समिति की सिफारिशें भारत के संवैधानिक ढांचे को और अधिक मजबूत करेंगी। यह आयोजन न केवल एक औपचारिक सम्मान समारोह था, बल्कि यह भारत के लोकतांत्रिक मूल्य, संवाद और सहभागिता की संस्कृति को सशक्त करने वाला क्षण भी था। उपस्थित सांसदों ने राज्यपाल के सौजन्य और आयोजन की गरिमा की प्रशंसा की, तथा इसे संसदीय परंपराओं के अनुरूप एक प्रेरणादायक पहल बताया।




# राज्यपाल ने अमरनाथ लंगर सेवा के ट्रकों को दिखायी हरी झंडी

**19 जून 2025**

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राज भवन से अमरनाथ यात्रा के लिए लंगर सेवा हेतु ट्रकों को रवाना किया। इन ट्रकों के माध्यम से श्रद्धालुओं के लिए भोजन, सेवा और समर्पण की भावना पहुंचाई जाएगी। राज्यपाल ने इस पुण्य कार्य में योगदान देने वाली गौरी शंकर सेवा दल गौशाला, सेक्टर 45 की सराहना की।






# राज्यपाल ने गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर राज भवन के बाहर लगाई छबील, निभाई सेवा की परंपरा

**17 जून 2025**

मानवता, सेवा और त्याग के प्रतीक श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर पंजाब राज भवन परिसर के बाहर श्रद्धा और समर्पण से भरी छबील का आयोजन किया गया। पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने स्वयं राहगीरों को मीठा जल और प्रसाद वितरित कर गुरुवाणी की भावना को जीवंत किया। इस सेवा में भाग लेकर उन्होंने सिख परंपरा के मूल मूल्यों—करुणा, समावेशिता और निस्स्वार्थ सेवा—का स्मरण कराया। चिलचिलाती गर्मी में यह आयोजन न सिर्फ राहत का माध्यम बना, बल्कि समाज को एकजुट करने वाली प्रेरणा भी।







# जनसुनवाई में खुद पहुँचे राज्यपाल
# प्रशासनिक व्यवस्था की जमीनी पड़ताल कर जनता से लिया फीडबैक

**18 जून 2025**

पंजाब के राज्यपाल और यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने नागरिकों से सीधे संवाद सुनिश्चित करने और जन शिकायतों की त्वरित सुनवाई के उद्देश्य से यूटी सचिवालय और उपायुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विशेष रूप से उस साप्ताहिक जनसुनवाई समय के दौरान किया गया जो हर बुधवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी विभागीय अधिकारी उस समय अपने कार्यालय में उपस्थित रहें और जनता की शिकायतें प्राथमिकता से सुनें। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने विभिन्न विभागों में जाकर अधिकारियों की उपस्थिति, लोगों की शिकायतों और उनके समाधान की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने नागरिकों से सीधे संवाद कर उनके अनुभव भी सुने। कई लोगों ने यह बताया कि पहली बार किसी वरिष्ठ अधिकारी ने इस तरह उनकी बात सुनी है, जिससे वे संतुष्ट हैं। श्री कटारिया ने इस दौरान यह स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसका नियमित मूल्यांकन किया जाएगा।





राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जन शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता और सहानुभूति के साथ लें। उन्होंने कहा कि शासन का पहला दायित्व जनता की समस्याओं का समाधान करना है और यह व्यवस्था प्रशासन की जवाबदेही को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस पहल से न केवल जनता का विश्वास मजबूत हुआ है, बल्कि शासन की नागरिक केंद्रित सोच को भी बल मिला है।







# भारत की विविधता में एकता का उत्सव
# पंजाब राजभवन में स्थापना दिवस समारोह

**20 जून 2025**

पंजाब राजभवन में सिक्किम, गोवा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पंजाब के राज्यपाल और यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समारोह ने भारत की सांस्कृतिक विविधता और एकता को उत्साहपूर्वक प्रदर्शित किया। राज्यपाल श्री कटारिया ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को भारत की आत्मा का उत्सव बताते हुए कहा कि यह पहल देश की विभिन्न संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधती है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई स्थापना दिवस आयोजन की परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि इससे राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलती है।









उन्होंने अपने संबोधन में चारों राज्यों की विशेषताओं का उल्लेख किया–सिक्किम की जैविक खेती, गोवा की स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों का योगदान, तेलंगाना का तकनीकी विकास और पश्चिम बंगाल की क्रांतिकारी विरासत। उन्होंने भारतीय एकता के प्रतीक सरदार पटेल और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को भी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, पारंपरिक व्यंजन, रंग-बिरंगे परिधान और वीडियो डिस्प्ले ने समारोह को जीवंत बना दिया। गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन को और विशेष बना दिया। समारोह ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की असली ताकत इसकी विविधता में निहित एकता है।



# एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य - योग के रंग में रंगा चंडीगढ़

21 जून 2025

## तिरंगा अर्बन पार्क में हुआ मुख्य आयोजन, राज्यपाल ने किया नेतृत्व

चंडीगढ़ के सेक्टर-17 स्थित तिरंगा अर्बन पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम अत्यंत भव्य और अनुशासित रूप में संपन्न हुआ। इस आयोजन का नेतृत्व पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने किया। प्रातःकालीन शीतल हवाओं और हरियाली के वातावरण में लगभग 2,000 प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योग सत्र के पश्चात राज्यपाल ने नशा मुक्त चंडीगढ़ के लिए सभी उपस्थितजनों को शपथ दिलवाई, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राज्यपाल श्री कटारिया ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल शारीरिक क्रिया नहीं बल्कि एक आध्यात्मिक और सामाजिक आंदोलन बन चुका है, जो व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करता है। उन्होंने योग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से लेकर आधुनिक प्रासंगिकता तक की चर्चा करते हुए इसे वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का संवाहक बताया।








## राजभवन में भी गूंजा योग का मंत्र

चंडीगढ़ राजभवन परिसर में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जहाँ अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। शांत वातावरण में आयोजित इस सत्र का उद्देश्य कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देना था। आयोजन में अनुभवी प्रशिक्षकों ने सरल एवं प्रभावी आसनों के माध्यम से प्रतिभागियों को योग के लाभ बताए।



# रॉक गार्डन में विशेष आयोजन महिलाओं और बच्चों की विशेष भागीदारी

रॉक गार्डन में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विशेष योग सत्र में 1500 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, क्रेच स्टाफ, सीसीआई के बच्चों और विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथियाँ श्रीमती अनुराधा चगती, सुश्री शिप्रा बंसल और डॉ. पालिका अरोड़ा रहीं, जिन्होंने योग को एक समग्र जीवनशैली का माध्यम बताया। योग सत्र के उपरांत एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसने योग को प्रकृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।





# प्रधानमंत्री का संदेश बना प्रेरणा का स्रोत

तिरंगा अर्बन पार्क में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को भी देखा। उन्होंने योग को विश्व स्तर पर शांति, स्वास्थ्य और समरसता का वाहक बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग अब सीमाओं से परे एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है, जो करोड़ों लोगों को जोड़ता है और जीवन में संतुलन लाता है। उनका यह संदेश सभी के लिए प्रेरणास्रोत बना।

# शहर के 100 से अधिक स्थलों पर योग के लिए उमड़ा जनसैलाब

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे चंडीगढ़ शहर में लगभग 100 स्थलों जिनमें विभिन्न पार्क, डिस्पेंसरी, सामुदायिक भवन, विद्यालय और कॉलेज शामिल थे। इन सभी स्थानों पर आयुष निदेशालय द्वारा प्रशिक्षित योग शिक्षकों की सुविधा उपलब्ध कराई गई। हर आयु वर्ग के नागरिकों ने योगाभ्यास में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसने यह दर्शाया कि योग अब चंडीगढ़ के नागरिकों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है।



# चंडीगढ़ में राज्यपाल ने युवा केंद्रित आपदा तैयारी प्रशिक्षण का किया उद्घाटन

**21 जून 2025**

चंडीगढ़ में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान पंजाब के राज्यपाल और यू.टी.चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के लिए युवा-केंद्रित आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। यह पहल चंडीगढ़ प्रशासन के नागरिक सुरक्षा निदेशालय द्वारा महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एमजीएसआईपीए) के सहयोग से शुरू की गई थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निकासी अभ्यास, प्राथमिक उपचार, अग्नि सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन जैसे व्यावहारिक सत्र शामिल किए गए थे। राज्यपाल ने युवाओं से इसे केवल एक कार्यक्रम न मानकर आजीवन जिम्मेदारी के रूप में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर गृह सचिव, उपायुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर इस पहल को चंडीगढ़ को आपदा-प्रतिरोधी शहर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।






# राज्यपाल ने भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा को किया रवाना कहा – यह आस्था और एकता का प्रतीक है

**27 जून 2025**

राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर, सेक्टर 31-डी, चंडीगढ़ से भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा को विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पावन और आध्यात्मिक अवसर पर उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की दिव्य झांकियों के दर्शन किए और गहरी श्रद्धा के साथ नमन कर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक आस्था और सामूहिक एकता का एक अद्वितीय प्रतीक है। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि समाज में शांति, प्रेम, समरसता और भाईचारे का संदेश भी प्रसारित करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और पीढ़ियों को हमारी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं।





# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने संविधान हत्या दिवस पर लोकतंत्र रक्षकों को दी श्रद्धांजलि

**25 जून 2025**

चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में 'संविधान हत्या दिवस' का राज्य स्तरीय आयोजन किया गया। यह आयोजन चंडीगढ़ प्रशासन के सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की राष्ट्रव्यापी पहल के अंतर्गत किया गया। इसका उद्देश्य 1975 के आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर संविधान की रक्षा में संघर्षरत रहे लोकतंत्र प्रेमियों को सम्मान देना और नागरिकों को सॅनिधान के मूलभूत सिद्धांतों के प्रति जागरूक करना था।










मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की रक्षा केवल सरकारों का दायित्व नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आंदोलन की चर्चा करते हुए युवाओं को आत्मचिंतन और संविधान की रक्षा हेतु सक्रिय होने का आह्वान किया। उन्होंने डॉ. अंबेडकर को उद्धृत करते हुए संविधान के अच्छे क्रियान्वयन की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल श्री सत्यपाल जैन, श्री देशराज राज टंडन तथा कई अन्य लोकतंत्र रक्षकों ने आपातकाल के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर श्री सुरिंदर महाजन, श्री ओम प्रकाश आहूजा और श्री जतिंदर चोपड़ा को सम्मानित किया गया। देशभक्ति गीतों और युवा प्रस्तुतियों ने आयोजन में एक नया उत्साह भर दिया। यह कार्यक्रम पूरे देश में चलने वाले एक वर्षीय जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत भी बना, जिसका उद्देश्य युवाओं और समाज में लोकतांत्रिक चेतना को और सशक्त बनाना है।



# मूक प्राणियों की सुध – जब राज्यपाल पहुंचे SPCA

**26 जून 2025**





पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने 26 जून को सेक्टर 38 (पश्चिम) स्थित Society for the Prevention of Cruelty to Animals (SPCA) का औचक निरीक्षण किया। दौरे के दौरान उन्होंने पशु चिकित्सा केंद्र की मौजूदा स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए विशेष रूप से बड़े जानवरों के इलाज के लिए सुविधाओं की कमी को गंभीरता से लिया। राज्यपाल ने ऑपरेशन थियेटर, चिकित्सा इकाइयों, स्वच्छता, भवन रखरखाव, उपकरणों की उपलब्धता और पर्याप्त स्टाफ की तैनाती जैसे क्षेत्रों में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने एक व्यापक योजना तैयार कर अस्पताल को आधुनिक पशु देखभाल केंद्र के रूप में विकसित करने को कहा। यह निरीक्षण प्रशासन की पशु कल्याण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का प्रतीक बना, जो भविष्य में चंडीगढ़ में बेहतर पशु देखभाल व्यवस्था की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित होगा।

# पंजाब राजभवन में श्री संजीव अरोड़ा ने ली कैबिनेट मंत्री पद की शपथ

**3 जुलाई 2025**

पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में श्री संजीव अरोड़ा को कैबिनेट मंत्री पद की शपथ दिलाई। इस औपचारिक समारोह में राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता कटारिया, मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान, उनकी पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर, राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्रीगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। गरिमामय वातावरण में आयोजित इस शपथग्रहण समारोह ने पंजाब की राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियों में एक नया अध्याय जोड़ा।



# पंजाब राजभवन में संकल्प चंडीगढ़ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में देश के भावी प्रशासकों का हुआ अभिनंदन

**27 जून 2025**

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और राज्य लोक सेवा आयोगों की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले युवाओं को पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने संकल्प-चंडीगढ़ संस्था द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया। इस अवसर पर संकल्प-चंडीगढ़ की भूमिका को विशेष रूप से सराहा गया, जो वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली युवाओं को निःशुल्क कोचिंग और मार्गदर्शन प्रदान कर रही है। राज्यपाल ने सफल अभ्यर्थियों को राष्ट्र की सेवा का प्रतीक बताया और कहा कि यह सफलता केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक भी है। इस अवसर पर यूपीएससी में सफल 13 और राज्य स्तरीय सेवाओं में चयनित 7 उम्मीदवारों को सम्मान पत्र प्रदान किए। इस संस्था ने अब तक 133 से अधिक युवाओं को यूपीएससी, पीपीएससी, एचपीएससी, और एचपीएएस जैसी परीक्षाओं में सफलता दिलाई है।













# पावापुरी तीर्थ की आध्यात्मिक प्रगति देख अभिभूत हुए राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया

**2 जुलाई 2025**

राजस्थान के सिरोही जिले के कुशलगढ़ में स्थित पावापुरी तीर्थ जीव मैत्री धाम में राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने अर्जुन का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस शुभ अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में दर्शन कर आध्यात्मिक शांति की अनुभूति की, वहीं गौशाला में गोसेवा करते हुए बछड़ों को दूध पिलाकर जीवन में करुणा और जीवदया के महत्व को रेखांकित किया।

यह वही पवित्र स्थल है, जिसकी आधारशिला स्वयं श्री कटारिया ने पच्चीस वर्ष पूर्व रखी थी। आज जब उन्होंने इस तीर्थ की अद्वितीय प्रगति, भव्यता और व्यवस्था को देखा, तो उन्होंने गहरे संतोष, आत्मीयता और गौरव की अनुभूति साझा की। उन्होंने कहा कि यह तीर्थ, जहां अब तक 44 लाख से अधिक श्रद्धालु आ चुके हैं, जन-आस्था और समर्पण की जीती-जागती मिसाल है।





राज्यपाल ने इस अद्भुत धाम के निर्माण और निरंतर विकास में अहम भूमिका निभा रहे के पी संघवी परिवार के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह परिवार न केवल सेवा और श्रद्धा का आदर्श प्रस्तुत कर रहा है, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से भी समाज को नई दिशा दे रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह तीर्थ राजस्थान ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण भारत के लिए एक गौरवशाली प्रतीक बन चुका है।

राज्यपाल ने कहा कि पावापुरी तीर्थ जीव मैत्री धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि यह एक ऐसी ऊर्जा का केंद्र है, जो भावी पीढ़ियों को भारतीय संस्कृति, सेवा, त्याग, करुणा और अध्यात्म के मूल्यों से जोड़ता रहेगा।



# बाल सभा-मन का संवाद में राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने बच्चों से दिल खोलकर की बातचीत

**3 जुलाई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी.चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने टैगोर थिएटर, चंडीगढ़ में आयोजित बाल सभा-मन का संवाद में बच्चों से सीधे संवाद कर उनके विचारों को गंभीरता से सुना। इस विशेष सत्र में उन्होंने बच्चों को बड़े सपने देखने, सकारात्मक सोच अपनाने और अच्छे साथियों के प्रभाव में रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन बच्चों की बातों को केवल सुनता ही नहीं, बल्कि उन्हें भविष्य की नीतियों में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।














# समावेशी संचार की पहल
# चाइल्ड हेल्पलाइन का ब्रेल वर्जन लॉन्च

**3 जुलाई 2025**

राज्यपाल ने ब्रेल लिपि में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का पैम्फलेट लॉन्च कर समावेशी संचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। उन्होंने हुनर की उड़ान परियोजना के तहत बच्चों द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प उत्पादों की भी प्रशंसा की। यह कार्यक्रम बाल अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर आधारित था, जिसे चंडीगढ़ प्रशासन के जून माह के जागरूकता अभियान का केंद्रीय हिस्सा बनाया गया था। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, नगर आयुक्त, समाज कल्याण सचिव, बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि ऐसी बाल सभाएं नियमित रूप से आयोजित की जाएं, जिससे बच्चों की आवाज़ शासन में और प्रभावशाली ढंग से शामिल हो सके। कार्यक्रम में चंडीगढ़ के सरकारी स्कूलों, बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) के 800 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ रचनात्मक रैंप वॉक के माध्यम से बाल अधिकारों को दर्शाया।






# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में चंडीगढ़ ने रचा हरित इतिहास वन महोत्सव 2025 में एक दिन में 1.05 लाख पौधारोपण

**5 जुलाई 2025**

वन महोत्सव 2025 के अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में चंडीगढ़ ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। राज्यपाल के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक हरित अभियान के अंतर्गत चंडीगढ़ में एक ही दिन में 1,05,874 पौधे 253 स्थानों पर लगाए गए, जो न केवल प्रशासनिक योजना की सफलता है, बल्कि पर्यावरण के प्रति जन-भावनाओं का जीवंत प्रमाण भी है।





## राज्यपाल की अनूठी पहल – 23 स्थलों पर स्वयं किया पौधारोपण

इस अभूतपूर्व प्रयास को और भी विशिष्ट बना दिया राज्यपाल की व्यक्तिगत भागीदारी ने, जिन्होंने स्वयं 23 अलग-अलग स्थानों पर पौधारोपण कर यह स्पष्ट कर दिया कि पर्यावरण की रक्षा केवल नीति से नहीं, निष्ठा से होती है। उन्होंने मटका चौक से शुरुआत करते हुए पटियाला की राव में कपूर, पंजाब यूनिवर्सिटी में आम, शांति कुंज व सेक्टर 18 पार्क में नीला गुलमोहर, सेक्टर 22 स्कूल में श्याम तुलसी और आंवला, सेक्टर 23 में गार्डेनिया, CRPF कैंप सेक्टर 53 में कचनार और तुलसी, GMCH-32 व सेक्टर 20 कॉलेज में गुलमोहर, CISF सेक्टर 31 में अमरूद, सेक्टर 26 मैंगो बेल्ट में बीक्सा ओरेलाना व आम, और सुखना चोई रिजर्व फॉरेस्ट में पीपल, वट और नीम का त्रिवेणी पौधारोपण कर प्रकृति के साथ गहरा जुड़ाव दर्शाया। सेक्टर 26 के स्कूल में 'तरु वाटिका' का उद्घाटन कर उन्होंने रुद्राक्ष का पौधा भी लगाया।












अपने प्रेरणादायी संबोधन में राज्यपाल ने 'वन महोत्सव' को एक उत्सव नहीं, हरित क्रांति का संकल्प बताया। उन्होंने कहा, प्रकृति से हमारा संबंध संविदा पर आधारित नहीं, बल्कि एक मां-बच्चे के स्नेह जैसा है। हर पौधा जो आज लगाया गया है, वह आने वाले कल के लिए जीवन की बुनियाद बनेगा। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत का स्मरण करते हुए पंचमहाभूत दर्शन और गुरु नानक देव जी की पंक्तियाँ – पवन गुरु, पानी पिता, माता धरत महत – उद्धृत कीं, यह बताते हुए कि वायु, जल और धरती के साथ हमारा रिश्ता पवित्र और भावनात्मक है। राज्यपाल ने इस अभियान के माध्यम से चंडीगढ़ को 'नेट ज़ीरो एमिशन सिटी' बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की सराहना करते हुए कहा कि हर पौधा एक श्रद्धांजलि है – अपने पर्यावरण, अपनी संस्कृति और अपनी मातृभूमि के प्रति। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि यह हरित पहल एक दिन का आयोजन न होकर एक सतत जनआंदोलन बने।

## नीति से प्रकृति तक- तीन हरित योजनाओं की शुरुआत

कार्यक्रम के दौरान 'ग्रीन चंडीगढ़ एक्शन प्लान', 'स्टेट एक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज' और 'चंडीगढ़ ट्री मैप' जैसी तीन महत्त्वपूर्ण पर्यावरणीय नीतियों का शुभारंभ भी राज्यपाल द्वारा किया गया, जो चंडीगढ़ की दीर्घकालिक हरित रणनीति को मजबूती प्रदान करेगा। इस ऐतिहासिक दिन पर मेयर चंडीगढ़ श्रीमती हरप्रीत कौर बबला, पुलिस महानिदेशक श्री पुष्पेंद्र कुमार, नगर आयुक्त श्री अमित कुमार, गृह सचिव श्री मंदीप बराड़, वन संरक्षक श्री सौरभ कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, परंतु इस संपूर्ण अभियान की आत्मा बना रहा – राज्यपाल का प्रकृति के प्रति समर्पण और उनका सादा, सशक्त उदाहरण।





# एक देश, एक संविधान के पुजारी को श्रद्धांजलि

**6 जुलाई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी.चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सेक्टर-38 के महिला भवन में आयोजित समारोह में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने डॉ. मुखर्जी को राष्ट्रसेवा और भारत की एकता के प्रति समर्पित महान नेता बताया। इस अवसर पर डॉक्यूमेंट्री, विचार संगोष्ठी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी हुईं। कार्यक्रम में मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला, सांसद श्री सतनाम सिंह संधू, श्री सत्यपाल जैन और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन ने राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।






# स्मृति से संस्कार तक - शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा को राजभवन से पर्यावरणीय श्रद्धांजलि

**6 जुलाई 2025**



देश की माटी पर बलिदान देने वाले वीर सपूतों की स्मृति को जब प्रकृति-संरक्षण जैसे कार्यों से जोड़ा जाता है, तो वह सिर्फ श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक संस्कार बन जाता है। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा जी के 26वें शहीदी दिवस के अवसर पर पंजाब राजभवन, चंडीगढ़ में ऐसा ही एक प्रेरणास्पद क्षण सामने आया, जब पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन द्वारा शुरू की गई एक विशेष पर्यावरणीय मुहिम का शुभारंभ किया।

# लुधियाना में संकल्प सम्मान समारोह में यूपीएससी चयनित युवाओं को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**6 जुलाई 2025**










पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने लुधियाना में आयोजित 'संकल्प सम्मान समारोह' में यूपीएससी परीक्षा 2024-25 में सफलता प्राप्त करने वाले 18 प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित किया। इनमें से अधिकांश अभ्यर्थियों ने संकल्प कार्यक्रम के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की। राज्यपाल ने युवाओं की सफलता को राज्य की गरिमा और गौरव से जोड़ा। इस अवसर पर उन्होंने भारत विकास परिषद ट्रस्ट परिसर में डायलिसिस सेंटर की आधारशिला रखी तथा कायाकल्प केंद्र का उद्घाटन कर समाज सेवा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।



# अब नहीं सहेंगे नशा
# टैगोर थियेटर से गूंजा राज्यपाल का संदेश

**8 जुलाई 2025**

टैगोर थियेटर, सेक्टर 18, चंडीगढ़, एक बार फिर सामाजिक परिवर्तन का मंच बना जब पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने ड्रग्स और सब्सटेंस अब्यूज विषय पर आयोजित विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह कार्यक्रम चंडीगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सीसीपीसीआर) द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल ने नशा उन्मूलन के लिए सामूहिक जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया और उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। राज्यपाल ने कहा, नशे के विरुद्ध यह लड़ाई प्रशासन की नहीं, पूरे समाज की है। जब तक माता-पिता, विद्यालय, संस्थाएं और नागरिक एकजुट होकर काम नहीं करेंगे, तब तक इस संकट को जड़ से मिटा पाना संभव नहीं।




## नशा सिर्फ शारीरिक नहीं, सामाजिक और मानसिक गिरावट का भी कारण

अपने गहन और विचारोत्तेजक संबोधन में श्री कटारिया ने कहा कि आज के बदलते जीवन में बच्चों के आसपास का वातावरण अत्यंत संवेदनशील हो गया है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि आधुनिक जीवनशैली और अभिभावकों के सीमित समय के कारण बच्चे अकेलेपन और असंवेदनशील प्रभावों के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने आग्रह किया कि अभिभावकों और शिक्षकों को बच्चों के व्यवहार में आने वाले छोटे-छोटे परिवर्तनों को गंभीरता से देखना चाहिए और उनके साथ निरंतर संवाद बनाए रखना चाहिए।





# फतेहगढ़ साहिब में दीवान टोडर मल जी की हवेली का निरीक्षण कर राज्यपाल ने दी विरासत संरक्षण को नई दिशा

**9 जुलाई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने फतेहगढ़ साहिब स्थित ऐतिहासिक दीवान टोडर मल हवेली के संरक्षण एवं पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। यह हवेली सिख इतिहास का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है, जिससे जुड़ी असाधारण त्याग और सेवा की गाथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।

राज्यपाल ने हवेली के पारंपरिक स्थापत्य, निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता, और चल रहे कार्य की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया। उन्होंने इस प्रयास को एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण की संज्ञा दी और कहा कि दीवान टोडर मल विरासती फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे संरक्षण कार्य वास्तव में प्रशंसनीय हैं। श्री कटारिया ने कहा कि यह ऐतिहासिक स्थल युवाओं को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने विशेष रूप से उस अद्वितीय बलिदान और समर्पण का उल्लेख किया जब दीवान टोडर मल ने साहिबजादों के अंतिम संस्कार हेतु जमीन के बदले स्वर्ण मुद्राएं अर्पित कर एक अमिट मिसाल पेश की। राज्यपाल ने इस भूमि को विश्व की सबसे मूल्यवान भूमि कहा, जो न केवल पंजाब बल्कि पूरे भारत की आत्मा से जुड़ी हुई है।

निरीक्षण के पश्चात श्री कटारिया ने गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में मत्था टेका और राष्ट्र तथा समाज में शांति, सौहार्द और समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने सिख गुरुओं के बलिदान और उनके दिखाए मार्ग की भी स्मृति की, जो आज भी प्रेरणा और नैतिकता का स्तंभ हैं।







# राज्यपाल ने पंजाब राजभवन में एनसीबी अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक, नशा-विरोधी रणनीति पर हुआ गंभीर मंथन

**10 जुलाई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर एनसीबी के महानिदेशक श्री अनुराग गर्ग, उप महानिदेशक श्री संबित मिश्रा तथा अतिरिक्त निदेशक श्री अमनजीत सिंह उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राज्यपाल ने मादक पदार्थों के खिलाफ जारी संघर्ष में बहु-आयामी रणनीति, ठोस समन्वय और सामाजिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का साझा दायित्व है। एनसीबी द्वारा क्षेत्र में चल रहे ऑपरेशनों और निगरानी तंत्र की विस्तार से जानकारी साझा की गई, जिस पर राज्यपाल ने सराहना व्यक्त की और हर स्तर पर प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन भी दिया।




# राज्यपाल ने किया प्रेरणादायक उद्यमियों व परिवर्तनकारी व्यक्तित्वों का सम्मान

**12 जुलाई 2025**

पंजाब के राज्यपाल और यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने 6वें एंटरप्रेन्योर एंड अचीवर्स अवॉर्ड्स - 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए उत्कृष्ट उद्यमियों, पेशेवरों और समाज में बदलाव लाने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पब्लिक रिलेशंस काउंसिल ऑफ इंडिया (चंडीगढ़ चैप्टर) के सहयोग से आयोजित किया गया। राज्यपाल ने उद्यमिता को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक प्रमुख शक्ति बताया और कहा कि ऐसे मंच युवाओं को ईमानदारी, नवाचार और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व के लिए प्रेरित करते हैं।





# धर्म, शौर्य और बलिदान की धरती को नमन राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया तख्त श्री केसगढ़ साहिब में हुए नतमस्तक

**11 जुलाई 2025**

श्री आनंदपुर साहिब के पावन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मत्था टेककर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के अद्वितीय बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस ऐतिहासिक दिवस पर उन्होंने गुरुजी की धर्म के लिए दी गई शहादत को मानवता के लिए सर्वोच्च उदाहरण बताया। गुरुओं की चरणधूलि से प्रेरणा लेकर राज्यपाल ने तख्त श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार एवं श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज जी से उनके निवास स्थान पर सौजन्य भेंट की। इस पावन मुलाकात के दौरान, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत शताब्दी को राष्ट्रव्यापी स्तर पर गौरवगाथा के रूप में मनाने की रूपरेखा पर गंभीर चर्चा हुई।





# एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को मिली नई ऊर्जा रामदरबार में पौधारोपण, चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

**13 जुलाई 2025**

चंडीगढ़ के रामदरबार में राजस्थान सेवा परिवार संस्था द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर का उद्घाटन पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने किया। भाजपा नेता श्री संजय टंडन के साथ उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा का संदेश दिया गया। अनेक गणमान्य अतिथि, महापौर और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सहित नागरिकों ने भाग लिया।





# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने किया नशा विरोधी जनआंदोलन का नेतृत्व

**11 जुलाई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब अनएडेड कॉलेजेस एसोसिएशन (पुक्का) द्वारा आयोजित नशा विरोधी जागरूकता अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने नशा मुक्त परिसर की शपथ दिलाई और इस पहल को एक सार्थक सामाजिक जनांदोलन बताया।




## 250 कॉलेजों की भागीदारी बनी जागरूकता का स्तंभ

इस अभियान में 250 से अधिक कॉलेजों की सक्रिय भागीदारी ने इसे संगठनात्मक पहल से ऊपर उठाकर एक सामाजिक संकल्प का रूप दे दिया। राज्यपाल ने पुक्का अध्यक्ष डॉ. अंशु कटारिया और उनकी टीम की प्रशंसा की और कहा कि यह प्रयास युवाओं को नशे से मुक्त कर आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने वाला है। उन्होंने शिक्षण संस्थानों से यह भी आग्रह किया कि वे सिर्फ़ शिक्षा देने तक सीमित न रहें, बल्कि मूल्यनिष्ठ नेतृत्व, मानसिक स्वास्थ्य, खेल-कूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और परामर्श के माध्यम से सकारात्मक वातावरण तैयार करें।

## नशा अब केवल सामाजिक नहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न

कार्यक्रम में उपस्थित सांसद श्री सतनाम सिंह संधू ने नशे को एक अंतर्राष्ट्रीय नार्को-आतंकवाद करार दिया और कहा कि सीमावर्ती राज्य पंजाब एक मूक युद्ध का सामना कर रहा है। उन्होंने इसे राष्ट्र की अखंडता के लिए गंभीर चुनौती बताया और सभी से एकजुट होकर इसे हराने का आह्वान किया। पुक्का अध्यक्ष डॉ. अंशु कटारिया ने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक समूहिक संकल्प है, जो विद्यार्थियों को जीवन में सही दिशा देगा।



# राज्यपाल ने रोटरी चंडीगढ़ के अधिष्ठापन समारोह में की शिरकत सेवा कार्यों को बताया विकसित भारत 2047 की दिशा में प्रेरक योगदान

**14 जुलाई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने रोटरी चंडीगढ़ के वार्षिक अधिष्ठापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर संगठन द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्रों में किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों की सराहना की। राज्यपाल ने रोटरी की सेवा भावना को विकसित भारत 2047 की परिकल्पना से जोड़ते हुए कहा कि यह संस्था समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम बन चुकी है। उन्होंने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेतृत्व का अर्थ केवल दिशा देना नहीं, बल्कि समाज के प्रति दायित्व निभाना भी है। समारोह का वातावरण प्रेरणादायक था, जहाँ सेवा और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी।







# राज्यपाल ने हरियाणा के नव-नियुक्त राज्यपाल असीम घोष को दी शुभकामनाएं, शपथ समारोह के बाद किया पौधारोपण

**21 जुलाई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने हरियाणा के नव-नियुक्त राज्यपाल श्री असीम कुमार घोष के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। यह गरिमामयी समारोह हरियाणा राजभवन, चंडीगढ़ में आयोजित हुआ, जिसमें अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद रहे। तीनों वरिष्ठ नेताओं ने समारोह के पश्चात राजभवन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरणीय संरक्षण की साझा प्रतिबद्धता का संदेश दिया।





# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने शुरू की जनसुनवाई की नई परंपरा समस्याएं सुनीं, समाधान का दिया भरोसा

**16 जुलाई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाबचंद कटारिया ने शासन को जनभावनाओं से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए यूटी सचिवालय में जनता दरबार का आयोजन किया। शासन में जनभागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आरंभ की गई इस संवाद प्रक्रिया के पहले सत्र में शहरवासियों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं, जल आपूर्ति, पेंशन योजनाओं, शिक्षा, सार्वजनिक सुविधाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी समस्याएं सीधे राज्यपाल के समक्ष रखीं।









राज्यपाल श्री कटारिया ने सभी शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ सुना तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि यह पहल केवल सुनवाई तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि हर शिकायत के समाधान तक पहुँचने की सुनिश्चित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इस जनसंवाद मंच को शासन-प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास और पारदर्शिता की एक नई कड़ी के रूप में देखा जा रहा है, जिससे नागरिकों को सीधे अपने मुद्दे उठाने का अवसर मिल रहा है।



# चंडीगढ़ ने स्वच्छता में रचा नया इतिहास
# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में सुपर स्वच्छ लीग सिटी श्रेणी में दूसरा स्थान
# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

**17 जुलाई 2025**






पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में चंडीगढ़ ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के तहत 3 से 10 लाख की जनसंख्या श्रेणी में 'सुपर स्वच्छ लीग सिटी' का दूसरा स्थान प्राप्त कर शहर ने अपनी प्रतिष्ठित पहचान को और सुदृढ़ किया है। यह सम्मान चंडीगढ़ के प्रशासन, नगर निगम और नागरिकों के समर्पण, सहयोग और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने यह पुरस्कार पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया को प्रदान किया। राष्ट्रपति द्वारा राज्यपाल को दिया गया यह सम्मान न केवल एक प्रशासक की कार्यकुशलता, बल्कि एक नेता के जनसरोकार को मान्यता देने का प्रमाण है। चंडीगढ़ की यह सफलता आने वाले वर्षों में अन्य शहरों के लिए एक मॉडल बनेगी—एक ऐसा मॉडल, जहां नेतृत्व, नागरिक सहभागिता और प्रशासनिक दक्षता मिलकर स्वच्छता को एक संस्कृति में परिवर्तित कर देते हैं।



# दिल्ली दौरे के दौरान राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ और पंजाब के सर्वांगीण विकास की रखी मजबूत नींव; संपर्क, पर्यटन, परिवहन और पर्यावरण पर केंद्रीय मंत्रियों से हुई सार्थक चर्चा

17-18 जुलाई 2025

## केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से हुई चर्चा

राज्यपाल श्री गुलाब श्री चंद कटारिया ने नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की। उन्होंने शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, चंडीगढ़ से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि यह हवाई अड्डा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और चंडीगढ़ के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार है, और सीधी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों से क्षेत्रीय पर्यटन, व्यापारिक गतिविधियों और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री ने सहयोग का आश्वासन देते हुए एयरलाइनों और संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।



## ई-बसों को लेकर हुई ठोस पहल - श्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात

राज्यपाल ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात कर 328 इलेक्ट्रिक बसों की लंबित स्वीकृति का मामला उठाया। उन्होंने सीटीयू और सीसीबीएसएस के पुराने डीजल वाहनों की जगह ई-बसों को शामिल करने की योजना पर चर्चा की।राज्यपाल ने अक्टूबर 2023 में स्वीकृत 100 ई-बसों की त्वरित आपूर्ति के लिए लेटर ऑफ अवॉर्ड जारी करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने हरित गतिशीलता के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए स्क्रैपिंग प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने का भी भरोसा दिलाया।



## राज्यपाल की मांग पर कार्रवाई, उदयपुर-चंडीगढ़ रेल रूट को मिली मंजूरी

रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से हुई मुलाकात के दौरान पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ से पंजाब-चंडीगढ़ तक रेल संपर्क बढ़ाने की पुरजोर मांग की। उन्होंने विशेष रूप से तरनतारन साहिब को रेल मार्ग से जोड़ने और धार्मिक स्थलों तक यात्रियों की सुगमता सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस बैठक का सकारात्मक परिणाम सामने आया है–उदयपुर से चंडीगढ़ के बीच सीधी रेल सेवा प्रारंभ हो चुकी है, जिससे धार्मिक यात्राओं के साथ-साथ पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। राज्यपाल ने इस रूट के विस्तार को लोगों की आस्था एवं सुविधा से जोड़ते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।



# चंडीगढ़ को मिलेगा पर्यटन बूस्ट – गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात




पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ बैठक में राज्यपाल ने चंडीगढ़ की पर्यटन अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए रणनीतिक निवेश की मांग की। उन्होंने शहर की विरासत, हरित परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध ढंग से पर्यटन स्थलों के विकास की आवश्यकता जताई।धार्मिक व प्रशासनिक केंद्रों से संपर्क बढ़ाने पर भी बल दिया गया, जिससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिल सके।

# पर्यावरणीय संतुलन और हरित विकास पर बल: श्री भूपेंद्र यादव से भेंट




केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव से शिष्टाचार भेंट के दौरान राज्यपाल ने पंजाब और चंडीगढ़ में पर्यावरणीय प्राथमिकताओं पर चर्चा की। उन्होंने सतत विकास, हरित प्रौद्योगिकी, और जलवायु-संवेदनशील प्रशासन पर केंद्रित योजनाओं पर मंत्रालय के सहयोग की अपेक्षा जताई। मंत्री ने स्थानीय प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# चंडीगढ़ के नए पुलिस महानिदेशक से शिष्टाचार भेंट



दिल्ली प्रवास के दौरान नव नियुक्त चंडीगढ़ पुलिस महानिदेशक डॉ. सागर प्रीत हूडा ने राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया से कपूरथला हाउस में शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और शहर में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया।

# राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया द्वारा महान धावक सरदार फौजा सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि

**20 जुलाई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने महान मैराथन धावक और नशा विरोधी जनचेतना के प्रतीक सरदार फौजा सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होकर उन्हें नम आँखों से अंतिम विदाई दी। दिसंबर 2024 में, जब राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया ने "नशा मुक्त - रंगला पंजाब" नामक ऐतिहासिक पदयात्रा आरंभ की थी, तब 114 वर्षीय सरदार फौजा सिंह जी ने उनके साथ कदम से कदम मिलाकर पंजाब की मिट्टी को प्रेरणा से सींचा। उस यात्रा की शुरुआत फौजा सिंह जी के पैतृक गाँव ब्यास, जिला जालंधर से हुई थी। राज्यपाल ने स्मरण करते हुए कहा, जब मैंने उन्हें अपने बगल में चलते हुए देखा, तो लगा कि यह यात्रा केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि आत्मिक भी है। 114 वर्ष की उम्र में भी उनका उत्साह हजारों युवाओं को जागृत कर गया। उनका जीवन इस बात का प्रमाण था कि उम्र कभी बाधा नहीं बनती यदि मन में कुछ करने की सच्ची इच्छा हो। वे केवल एक धावक नहीं थे, बल्कि एक आंदोलन थे जो नशे के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता रहा। आज वह भले हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके कदमों की गूंज लंबे समय तक पंजाब की धरती पर सुनाई देती रहेगी।







# फौजा सिंह – एक युग, एक प्रेरणा, एक अमिट विरासत

पंजाब और देश के गौरव फौजा सिंह जी का दिनांक 14 जुलाई 2025 को उनके ही गांव में एक दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना में हुए निधन से पूरे देश को एक अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन से न केवल पंजाब, बल्कि सम्पूर्ण देश और विश्व के खेल प्रेमियों ने एक ऐसी विभूति को खोया है, जिसने उम्र की सभी सीमाओं को लांघते हुए, अपने जीवट, अनुशासन, और प्रेरणा से पूरी मानवता को नई राह दिखाई। यह अत्यंत प्रेरणादायक है कि 114 वर्ष की आयु में भी वे अपनी दृढ़ता और प्रतिबद्धता से पीढ़ियों को प्रेरित करते रहे। मुझे यह गौरव प्राप्त हुआ कि दिसंबर 2024 में जिला जालंधर के उनके गांव ब्यास से शुरू हुई दो दिवसीय 'नशा मुक्त - रंगला पंजाब' पदयात्रा में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का अवसर मिला। उस समय भी उनकी उपस्थिति ने इस आंदोलन में अद्वितीय ऊर्जा और आत्मा का संचार किया था। हालांकि वे आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन एक स्वस्थ और नशा मुक्त पंजाब के लिए संघर्ष करने वालों के दिलों में उनका प्रेरणादायक व्यक्तित्व और विरासत सदैव जीवित रहेगी।

फौजा सिंह का जीवन उन लोगों के लिए एक आदर्श बन गया है जो यह मानते हैं कि बढ़ती उम्र किसी के सपनों की राह नहीं रोक सकती। सौ वर्ष की आयु पार करने के बाद मैराथन जैसी चुनौतीपूर्ण स्पर्धाओं में भाग लेना और उन्हें सफलतापूर्वक पूर्ण करना, मानव संकल्प और आत्मबल की एक अप्रतिम मिसाल है। जा सिंह न केवल एक धावक थे, वे सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक, सिख परंपराओं के वाहक, और पंजाबी अस्मिता के ब्रांड एंबेसडर भी थे। उन्होंने पगड़ी और खुले दाढ़ी वाले सिख स्वरूप में दौड़ते हुए पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि हमारी जड़ें, हमारी संस्कृति हमारी ताक़त हैं। उनकी सादगीपूर्ण जीवनशैली, नैतिक अनुशासन, और दूसरों के प्रति करुणा ने उन्हें एक महापुरुष के रूप में स्थापित किया। वे अक्सर कहते थे कम खाओ, ज़्यादा दौड़ो, और दिल से जियो। यह मंत्र आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके जीवनकाल में था। फौजा सिंह ने भारत को नहीं, बल्कि मानवता को प्रेरित किया। चाहे ओलंपिक मशाल रैली में शामिल होना हो, टोरंटो मैराथन में इतिहास रचना हो, या हांगकांग में अपनी अंतिम मैराथन दौड़ के जरिए चैरिटी के लिए लाखों रुपये जुटाना– हर मोड़ पर उन्होंने यह साबित किया कि वह केवल एक एथलीट नहीं, एक मिशन थे। उनके अंतिम क्षण भी उनके जीवन के दर्शन को प्रतिबिंबित करते हैं। जिस तरह वे जीवन भर गति में रहे, उसी तरह उन्होंने इस संसार से विदा भी चलते-फिरते, दौड़ते हुए ली – यह एक संयोग नहीं, बल्कि उनका जीवन दर्शन था।








मैं व्यक्तिगत रूप से, फौजा सिंह जी को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वे हमारे लिए केवल एक धावक नहीं थे, वे हमारे समय की जीवित किंवदंती थे – और रहेंगे। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देता रहेगा कि कभी देर नहीं होती। जब तक सांस चल रही है, तब तक रास्ता है। शांति और प्रेरणा के प्रतीक बाबा फौजा सिंह को कोटि-कोटि नमन।

# गुरु चरणों में नतमस्तक राज्यपाल - श्री गुरु तेग़ बहादुर जी की शहादत पर राजभवन में कीर्तन और श्रद्धा का समर्पण

**23 जुलाई 2025**

पंजाब राजभवन में सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग़ बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के पावन अवसर पर एक भव्य और भावपूर्ण शबद कीर्तन समारोह का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान की अध्यक्षता पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने की। समारोह में पद्मश्री भाई हरजिंदर सिंह श्रीनगर वाले ने अपने दिव्य स्वर से गुरबाणी का गायन कर संगत को गुरुजी की शिक्षाओं, बलिदान और सत्य के मार्ग की अनुभूति कराई। कीर्तन की हर धुन में गुरु साहिब के अद्वितीय त्याग और धर्म के लिए जीवन अर्पण करने की महिमा प्रतिध्वनित होती रही।



राज्यपाल श्री कटारिया ने अपने भावुक उद्बोधन में कहा, मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ कि मुझे इस पवित्र अवसर पर एक सेवक के रूप में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ। यह मेरे लिए 'सरबत दा भला' की भावना को आत्मसात करने और गुरु की शिक्षाओं को नमन करने का आध्यात्मिक क्षण है। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती अनिता कटारिया एवं परिवारजनों संग संगत में विनम्रता से बैठकर कीर्तन श्रवण किया और बाद में लंगर सेवा में भी सहभागी बने। यह उनके विनम्र नेतृत्व और सिख परंपरा में निहित समभाव व सेवा भावना के प्रति उनकी गहरी आस्था को दर्शाता है। इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा 'स्पिरिचुअल जर्नी ऑफ गुरु तेग़ बहादुर साहिब' पुस्तक का विमोचन भी किया गया, जिसे राज्य सूचना आयुक्त श्री हरप्रीत संधू ने लिखा है। साथ ही भाई हरजिंदर सिंह जी एवं कीर्तन जत्थे, गुरुद्वारा पातशाही दसवीं सेक्टर 8 के ग्रंथी सिंहों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंजाब सरकार के मंत्रियों, चंडीगढ़ की मेयर, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और राजभवन परिवार के सदस्यों की उपस्थिति ने इस श्रद्धा-समारोह को और अधिक गरिमामय बना दिया। यह आयोजन न केवल गुरु तेग़ बहादुर जी के बलिदान की स्मृति को प्रणाम था, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि राज्यपाल श्री कटारिया के नेतृत्व में राजभवन एक आध्यात्मिक, समावेशी और सेवा-प्रधान संस्कारों का केंद्र बन चुका है।











# पंजाब राजभवन में नौवें गुरु, श्री गुरु तेग़ बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के पावन अवसर पर शबद कीर्तन समारोह की कुछ झलकियां



# राज्यपाल ने किया समावेशी शिक्षा नीति - 2025 का शुभारंभ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए गरिमापूर्ण शिक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम

**25 जुलाई 2025**

पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समावेशी शिक्षा नीति - 2025 का औपचारिक शुभारंभ किया। यह नीति विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गरिमामयी, समान अवसरों से युक्त और सुलभ शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। नीति के अंतर्गत विशेष बच्चों को परिवहन भत्ता और सहायक सेवाएँ प्रदान की जाएँगी। प्रवेश प्रक्रिया को भेदभाव रहित बनाते हुए, EWS/वंचित वर्ग के 25 प्रतिशत आरक्षित कोटे में से 3 प्रतिशत सीटें दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आरक्षित की गई हैं। अब निजी स्कूलों के लिए भी इन छात्रों को प्रवेश देना और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। नीति में समावेशी कक्षाओं के संचालन, ब्रेल व बड़े अक्षरों में पाठ्यपुस्तकें, सांकेतिक भाषा संसाधन, विशेष मूल्यांकन पद्धति और पाठ्यक्रम अनुकूलन की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षित विशेष शिक्षकों की नियुक्ति अनिवार्य होगी, और गंभीर रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष विद्यालयों और एकीकृत शिक्षा केंद्रों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। कक्षा 9 से ही



व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास की सुविधा देकर छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने की योजना भी इस नीति का हिस्सा है। इसके अलावा, शिक्षकों, अभिभावकों और सहपाठियों को जागरूक और संवेदनशील बनाने के लिए नियमित प्रशिक्षण आयोजित किए जाएँगे। प्रत्येक विद्यालय में शिकायत निवारण समिति और राज्य स्तर पर निगरानी समिति का गठन किया जाएगा, ताकि नीति का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। यह नीति चंडीगढ़ को एक ऐसी समावेशी शिक्षा प्रणाली की ओर ले जाती है जहाँ हर बच्चे को सम्मान और अवसर मिल सके—और यह सब राज्यपाल के करुणाशील और दूरदर्शी नेतृत्व के अंतर्गत संभव हो सका है।

# राज्यपाल से मुलाकात: अर्जुन मुंडा और गुलाब चंद कटारिया के बीच जनकल्याण पर सार्थक संवाद

**25 जुलाई 2025**

पंजाब राज भवन, चंडीगढ़ में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर जनजातीय विकास, युवा सशक्तिकरण, समावेशी शिक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे महत्त्वपूर्ण जनकल्याणकारी विषयों पर गहन चर्चा हुई।



# प्रेस विज्ञप्ति



## Union minister honours UT's top sportspersons

HT Correspondent

NEW SPORTS PROJECTS INAUGURATED

## Union min rolls out sports infra, honours city athletes

Times News Network



City athletes were honoured for national, international achievements

Chandigarh: The department of sports, Chandigarh administration, organised a felicitation ceremony on Saturday to honour athletes who brought glory to the city at national and international levels.

The event was presided over by Union minister for labour & employment, youth affairs & sports Dr Mansukh Mandaviya.

The minister congratulated the sportspersons. Scholarships amounting to Rs 1.32 crore were transferred to 320 athletes through an online platform. "We will ensure that the best coaches are made available in Chandigarh," he said.

Punjab governor Gulab Chand Kataria announced that Chandigarh is the first city in the country to distribute scholarships worth nearly Rs 20 crore to student athletes so far. He also appreciated the efforts of sports associations and organisations in consistently organising competitive sporting events across the city.

The ceremony also witnessed the official unveiling of the logo and tagline for Chandigarh Marathon 2025, setting the stage for one of the city's premier fitness and sporting events. The marathon is envisioned as a flagship initiative to promote wellness, mass participation, and a culture of fitness across age groups in the city.

As part of the day's events, Mandaviya inaugurated several key sports infrastructure projects, including modern chess centres at the sports complexes in Sector 8 and Sector 39, and a state-of-the-art snooker and billiards hall at Sector 42, constructed at a cost of Rs 6 crore.

प्रशासक ने पुलिस की 26 गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी

## थानों के लिए मासिक रैंकिंग प्रणाली शुरू करें : कटारिया



City Achievers | खेलमंत्री ने चंडीगढ़ के इंफ्रास्ट्रक्चर को सराहा, अभिनव बिंद्रा से हुआ एमओयू

## 448 प्लेयर्स को 5.67 करोड़ का अवॉर्ड



चंडीगढ़ केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने चंडीगढ़ के स्पोर्ट्स स्टार्स को सम्मानित किया और 448 प्लेयर्स को 5.67 करोड़ की अवॉर्ड मनी बांटी। स्पेशल एथलीट्स व पैरा एथलीट्स भी इसमें शामिल थे। 8 इंटरनेशनल, 23 नेशनल लेवल मेडलिस्ट को सेक्टर-42 पीजीजीसी कॉलेज में एडमिनिस्ट्रेटर गुलाब चंद कटारिया के सामने कैश अवॉर्ड दिया गया।

चंडीगढ़ मैराथन 2025 के लोगो और टैगलाइन का भी शुभारंभ खेल मंत्री ने किया। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर-8 व 39 में दो चेस सेंटर को भी शुरू किया गया। नए स्नूकर एंड बिलियर्ड्स हॉल की भी शुरुआत हो गई। 108 स्कूलों में वॉलीबॉल इंफ्रा को बढ़ाने के लिए भी अभिनव बिंद्रा ने यूटी एजुकेशन डिपार्टमेंट के साथ एमओयू भी यहां साइन किया।

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 320 खिलाड़ियों को 1.32 करोड़ रुपए की स्कॉलरशिप दी गई और कुल 5.67 का अवॉर्ड प्लेयर्स को बांटा गया। पैरा एथलीट्स को भी मंच पर सम्मान दिया गया। एडमिनिस्ट्रेटर ने खेलमंत्री से इंटरनेशनल लेवल के कोच की मांग की, ताकि नए बनाए जाने वाले मल्टीपर्पज इंडोर हॉल समेत सिटी के अन्य स्पोर्ट्स सेंटर्स में प्लेयर्स को तैयार किया जा सके।

### टीचर वीडियो डालें, हम प्लेयर्स को तलाशेंगे

खेल मंत्री डॉ. मंडाविया ने कहा कि हम हर छोटे-बड़े जिले में ऐसे सेंटर ओपन करेंगे जहां इंटरनेशनल एथलीट्स तैयार कर सकेंगे। वहां प्रोफेशनल कोच होंगे और बेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर भी। स्कूल लेवल पर एथलीट्स को ट्रैक करने की प्लानिंग की जा रही है। टीचर खेलो इंडिया की वेबसाइट पर उनके वीडियो डाल सकेंगे और फिर खेलो इंडिया की टीम उस एथलीट को ट्रैक करके सेंटर तक लाएगी।

### चंडीगढ़ को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी

खेलमंत्री ने सिटी स्पोर्ट्स इंफ्रा की तारीफ की और कहा कि हम ये सुनिश्चित करेंगे कि चंडीगढ़ में बेस्ट कोच उपलब्ध हों। इसके अलावा हम मल्टीप्लेक्स हॉल को भी मिलकर तैयार करेंगे, जहां पर कई गेम्स के प्लेयर्स तैयार हो सकेंगे। एडमिनिस्ट्रेटर ने कहा कि चंडीगढ़ देश का पहला शहर है जहां स्कूल एथलीट्स को करीब 20 करोड़ की स्कॉलरशिप दी जा रही है।



Governor of Punjab and UT Administrator Gulab Chand Kataria releases Tricolour balloons to mark the success of Operation Sindoor at a rally at Sector 17 Plaza, Chandigarh, on Sunday.

## Residents rally with 100-ft Tricolour to celebrate success of Operation Sindoor

Tribune News Service

Chandigarh, June 1

The Sector 17 Plaza witnessed a wave of patriotism as citizens joined a mega rally celebrating the success of Operation Sindoor today.

Organised by Kartavya-[illegible] Samtha, the event featured a 100-foot-long National Flag carried by participants as chants of "Bharat Mata Ki Jai" and "Vande Mataram" echoed across the plaza.

The rally was attended by Punjab Governor and Chandigarh Administrator Gulab Chand Kataria, who urged the youth to stay devoted to the nation's progress and unity.

Mayor Harpreet Kaur Babla, Municipal Commissioner Amit Kumar, Bharatiya Janata Party National General Secretary Tarun Chugh and party's city president Jitender Pal Malhotra attended the event.

Addressing the crowd, Chugh said: "The success of Operation Sindoor is not just a military triumph, but a symbol of India's resolve and sacrifice. Today, Chandigarh has set a patriotic example for the entire country."







## न भूलेंगे, न माफ करेंगे...देश के दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर देंगे

ऑपरेशन सिंदूर के नायकों और पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को सैक्टर-17 प्लाजा में दी श्रद्धांजलि







## Kataria flags off new PCR vehicles

HT Correspondent

chandigarh@hindustantimes.com

CHANDIGARH: In a move to strengthen policing in the city, Punjab governor and UT administrator Gulab Chand Kataria flagged off 26 new PCR (Police Control Room) vehicles from the Chandigarh Police headquarters in Sector 9 on Thursday.



The new PCR vehicles are expected to enhance operational efficiency, reduce response time, and bolster the city's overall policing infrastructure. KESHAV SINGH/HT

The new PCR vehicles are expected to enhance operational efficiency, reduce response time, and bolster the city's overall policing infrastructure. Speaking on the occasion, the governor underscored the administration's commitment to modernise the police force to ensure improved public safety.

Following the ceremony, Kataria conducted a crime review meeting with station house officers (SHOs) and sub-divisional police officers (SDPOs), assessing police station-wise performance and crime control strategies.

Emphasising the importance of accountability and proactive policing, the governor directed police officials to conduct regular crime review meetings at the level of police stations, intensify patrolling in crime-prone areas, and maintain strict surveillance on habitual offenders. He also proposed the introduction of a monthly ranking system for police stations based on performance indicators such as conviction rates and responsiveness. "Police must work with diligence to increase conviction rates and ensure result-oriented policing," the governor said, urging the force to adopt a more professional and community-focused approach.

# प्रेस विज्ञप्ति

## गली क्रिकेट टूर्नामेंट के चैंपियन सम्मानित, चेहरे खिले

प्रशासक कटारिया ने की शिरकत; टूर्नामेंट में 7 हजार खिलाड़ियों ने लिया भाग, यूटीसीए ने 81 खिलाड़ियों को किया चयनित




शाहवाज को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया

## गली क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी सम्मानित

शहर के प्रशासक की तरफ से विजेता टीम के हर क्रिकेटर को मिलेंगे 10-10 हजार रुपए




## राज्यपाल कटारिया ने नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल मीटिंग में सुशासन के प्रति चंडीगढ़ की प्रतिबद्धता पर डाला प्रकाश



## कटारिया ने चंडीगढ़ के लिए मांगा गुजरात की गिफ्ट सिटी जैसा ढांचा

दिल्ली में नीति आयोग के सामने चंडीगढ़ के भविष्य के प्रोजेक्टों के प्रस्ताव रखे गए



शहर की बढ़ती जरूरतों को भी आयोग के सामने रखा

शहर की इन उपलब्धियों का जिक्र भी हुआ

## Governors offer prayers for Pahalgam attack victims

HT Correspondent



Punjab governor Gulab Chand Kataria and Haryana governor Bandaru Dattatraya during the prayer meet at Gurdwara Sahib, Sector 8, on Friday.

## GURBANI KIRTAN FOR PAHALGAM VICTIMS



Punjab governor Gulab Chand Kataria and his Haryana counterpart Bandaru Dattatraya attended Gurbani Kirtan at Gurdwara Sahib, Sector 8, Chandigarh, in memory of the victims of Pahalgam terror attack

## पहलगाम पीड़ितों की स्मृति में चंडीगढ़ में गुरुद्वारा में कीर्तन, पंजाब-हरियाणा के राज्यपाल हुए अरदास में शामिल

राज्यसभा सांसद साहनी की संस्था वर्ल्ड पंजाबी ऑर्गेनाइजेशन ने करवाया आयोजन



हमला बहादुर नागरिकों पर नहीं, मानवता पर हुआ: कटारिया

घिनौने कृत्य को अंजाम देने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: दत्तात्रेय

आतंकियों को हर कीमत पर ढूंढ कर सजा देनी चाहिए: साहनी

## PGI CELEBRATES FIRST ANNUAL 'SARATHI DAY'

## Life belongs to those who live for others, as helping others brings unparalleled joy: Kataria

EXPRESS NEWS SERVICE



PGIMER Director Vivek Lal welcomes UT Administrator Gulab Chand Kataria during the first annual celebration of Sarathi Day in Chandigarh on Monday.

# प्रेस विज्ञप्ति

## Governor lauds PGI's Sarathi project, 22 NSS volunteers feted for service

**HT Correspondent**
chandigarh@hindustantimes.com



UT administrator and Punjab governor Gulab Chand Kataria being honoured during first annual celebration of project Sarathi at PGIMER on Monday.

CHANDIGARH: The Post Graduate Institute of Medical Education and Research (PGIMER) celebrated the first anniversary of its community outreach initiative, Sarathi, by felicitating National Service Scheme (NSS) volunteers and institutions for their exemplary service in patient assistance and crowd management.

Launched in May 2024, project Sarathi is a healthcare and community service initiative aimed at improving patient experience by deploying student volunteers to assist in managing daily crowds, guiding patients within the hospital, and easing OPD operations.

The event to mark the milestone was graced by UT administrator Gulab Chand Kataria, who commended the efforts of the youth and the institution in integrating community service with healthcare delivery.

"Through Sarathi Yojana, PGI is not just facilitating patients, it is cultivating future citizens with a spirit of humanity. When young volunteers help someone for the first time, they begin to understand the true joy of service," said Kataria.

PGIMER witnesses a daily footfall of 8,000 to 10,000 patients in its OPD, with peak rush during morning registration and consultation hours. Volunteers under the Sarathi initiative play a crucial role in maintaining patient flow and reducing waiting times in the new OPD block.

At the event, 22 NSS volunteers were honoured for their exceptional commitment. Among them, 16 students from Post Graduate Government College, Sector-11, and six from Mehr Chand Mahajan (MCM) DAV College for Women, Sector-36, received awards for completing over 120 hours of voluntary service.

Additionally, MCM DAV College was specially felicitated for its continuous institutional support throughout the year. The college's NSS units contributed over 80 volunteers who supported patient registration, guided patients to various departments and helped disseminate essential hospital procedure information.

Providing an overview of the project, PGIMER Deputy Director (Administration), Pankaj Rai, noted that Sarathi has expanded significantly and is now operational in 442 hospitals across the country, underlining its growing national relevance.

The anniversary event highlighted not just achievements, but also the evolving role of youth in bridging healthcare and community service.

## Education most powerful tool to guide society in the right direction: Kataria

EXPRESS NEWS SERVICE



UT Administrator Gulab Chand Kataria after he handed over appointment letters to teachers.

## उपराष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत



पंजाब राजभवन पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत करते प्रशासक गुलाब चंद कटारिया। स्रोत : डीपीआरओ

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने वीरवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का चंडीगढ़ एयरपोर्ट और बाद में पंजाब राजभवन में गर्मजोशी से स्वागत किया।

उपराष्ट्रपति धनखड़ पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ 5 से 7 जून तक हिमाचल प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इस आधिकारिक दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति हिमाचल प्रदेश के सोलन के डॉ. वाईएस परमार बागवानी विश्वविद्यालय के छात्रों और फैकल्टी सदस्यों के साथ संवाद भी करेंगे। यह विश्वविद्यालय 1 दिसंबर 1985 को स्थापित किया गया था जिसका उद्देश्य बागवानी, वानिकी व संबंधित विषयों में शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार शिक्षा को बढ़ावा देना है। ब्यूरो



Punjab governor and UT administrator Gulab Chand Kataria, along with UT chief secretary Rajeev Verma, during the ceremony organised by the UT education department at PGGCG, Sector 42, Chandigarh, on Thursday. RAVI KUMAR/HT

## 198 trained graduate teachers receive appointment letters

**HT Correspondent**
chandigarh@hindustantimes.com

CHANDIGARH: Punjab governor and UT administrator Gulab Chand Kataria handed over appointment letters to 198 newly appointed trained graduate teachers (TGTs) during a ceremony organised by the UT education department at the Post Graduate Government Col-

teachers are the foundation of a strong society, shaping the thoughts, values and future of coming generations.

Kataria said, "India has emerged as a world leader due to the strength of knowledge and education. Now is the time to rank Chandigarh number one in the field of education."

He added, "Teachers must never stop learning. The day


## प्रशासक ने राज्यव्यापी रक्तदान अभियान की शुरुआत की

संकट की घड़ी में रेड क्रास की भूमिका महत्वपूर्ण, जरूरतमंद वर्गों तक नि:स्वार्थ सेवा पहुंचाकर मानवता का सच्चा धर्म निभा रही



## 'जब देश पुकारे, तो हम तैयार हों' राज्यपाल कटारिया का युवाओं से आह्वान में गूंजा चंडीगढ़







## एक पौधा बत्रा के नाम अभियान शुरू

### चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने राजभवन में किया शुभारंभ

माई सिटी रिपोर्टर

चंडीगढ़। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की शहादत दिवस के मौके पर सोमवार को पंजाब राजभवन में एक पौधा, शहीद विक्रम बत्रा के नाम मुहिम की शुरुआत हुई। यह पहल वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन द्वारा शुरू की गई है। कार्यक्रम की शुरुआत पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब राजभवन में पौधा लगाकर की।

इस मौके पर शहीद विक्रम बत्रा के पिता जीएल बत्रा भी मौजूद रहे। उनके साथ वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन की चेयरपर्सन आशा जसवाल, अध्यक्ष अमित राणा, वाइस चेयरमैन रविंद्र पठानिया, महासचिव संजय राजपूत और संगठन के अन्य सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए। कटारिया ने कहा कि कैप्टन विक्रम बत्रा ने देश के लिए जो बलिदान दिया, वो सभी के लिए प्रेरणा है।

यह मुहिम शहीद को श्रद्धांजलि देने का अच्छा तरीका है। साथ ही यह पर्यावरण को बचाने का संदेश भी है। उन्होंने लोगों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। चेयरपर्सन आशा जसवाल ने कहा कि यह मुहिम कैप्टन विक्रम बत्रा के प्रति



कैप्टन विक्रम बत्रा की याद में पौधारोपण करते प्रशासक गुलाब चंद कटारिया।

सम्मान और आभार है। पौधे लगाकर हम न केवल उनकी याद को जिंदा रखेंगे, बल्कि पर्यावरण को भी सुरक्षित करेंगे।

अध्यक्ष अमित राणा ने कहा कि कैप्टन बत्रा हिमाचल, चंडीगढ़ और पूरे देश के गर्व हैं। उनकी वीरता आज भी हर भारतीय के दिल में जोश भरती है। शहीद के पिता जीएल बत्रा ने इस पहल के लिए वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन और राज्यपाल का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह मुहिम बेटे की शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि है और पर्यावरण के लिए भी अच्छा कदम है। कार्यक्रम में मानव फाउंडेशन (पंचकूला), हिमाचली महासभा सेक्टर 56, हिमाचली एकता मंच, जन कल्याण सेवा सोसाइटी और हिमाचल वेलफेयर सोसाइटी जैसी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

# प्रेस विज्ञप्ति

## Punjab First to Face Fire, Last to Get Relief: CM Mann in all Party meet

### Sword Arm of India Must Not Be Forgotten; CM Urges All Parties to Unite for Special Status

PNS ■ CHANDIGARH



Punjab Chief Minister Bhagwant Mann on Saturday vehemently pleaded the case of the state for a special package and tach aven as it always faced the brunt of war from across the border.

Putting forth his view in the all-party meeting called on by Punjab governor Gulab Chand Kataria, the Chief Minister said that whether it is war or any other exigency Punjab and Punjabis are always on the fore-front. He said that Punjab always face the first brunt during every war and escalations, adding that the state needs special treatment for its enormous contribution. He called upon all the parties to make concerted efforts for this noble cause so that Punjab can be a frontrunner state in the country, adding that state government will raise this issue with GoI.

Mann said that besides being food bowl of the country, Punjab has always been its sword arm but its contribution has been hith-... with the Government of India. Mann said that it is the need of the hour for giving a major fillip to development and progress of state.

Meanwhile, the CM announced that starting from Sunday, he will be visiting the border areas of the state to assess the ground-level situation, adding that Punjab, especially the border regions, has suffered a lot due to the mounting tension between the two ...

Punjab for supporting the armed forces, the Governor added that the armed forces of India gave a befitting reply to the Pakistani forces. Stressing the significance of civil defence training, Kataria added that, still, the tight vigil must be maintained as that is the need of the hour.

During the meeting, the Governor concurred with the views expressed by all the political parties that financial package should ...

## M Mann bats for special package for Punjab



Punjab governor Gulab Chand Kataria and chief minister Bhagwant Mann addressing the media after an all-party meeting in Chandigarh on Saturday.

Governor stresses on keeping guard up

## सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा पंजाब के लिए विशेष पैकेज की मांग

### कहा-अप्रिय स्थिति का सामने करने वाला पंजाब अग्रणी राज्य होने के बावजूद राहत मिलने में रखा जाता पीछे

हरकवलजीत सिंह

चंडीगढ़, 10 मई : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज ...

**केन्द्र से जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर विशेष पैकेज और ड्यूटी के लिए सीमावर्ती क्षेत्र भत्ता मांगा**



सम्बोधित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ है गुलाब चंद कटारिया।

(शेष पृष्ठ 2 पर)

## Kataria honours Padma Shri Bhai Harjinder Singh Ji at Raj Bhawan

PUNJAB EXPRESS BUREAU
Chandigarh, June 10



Padma Shri Awardee and renowned Hazuri Raagi, Bhai Harjinder Singh Ji (Srinagar Wale), was felicitated by the Governor of Punjab and Administrator, UT Chandigarh, Gulab Chand Kataria, during a special meeting held at Raj Bhawan, Chandigarh.

Bhai Harjinder Singh Ji, recently conferred with the prestigious Padma Shri by the President of India for his outstanding contribution to the spiritual a well-deserved recognition of his lifelong service to Sikh devotional music. "Bhai Harjinder Singh Ji's mellifluous voice and Ji has become a beacon of devotion and tradition, whose soulful renditions continue to resonate in Gurdwaras globally, foster- ...ace, spirituality, ...ltural harmony. ...cognition is not ...moment of pride ...njab but also a ...tion for the en- ...dian spiritual ...



Punjab Governor and UT Administrator Gulab Chand Kataria presents a cash award to a meritorious student in Chandigarh on Wednesday. UT Chief Secretary Rajeev Verma is also seen.

## 237 meritorious students of govt schools honoured

TRIBUNE NEWS SERVICE

CHANDIGARH, JUNE 11

Punjab Governor and UT Administrator Gulab Chand Kataria today felicitated 237 meritorious Class 12 students from government schools in the city during a ceremony at Post Graduate Government College for Girls, Sector 42.

Students, who scored over 90% marks, were presented certificates and an incentive of Rs 5,000 each at the programme organised by the Education Department. The principals and teachers of four government schools that achieved 100% result, were also felicitated.

The Administration also formally launched three new initiatives in the field of education, which will not only benefit students, but also give a new direction to the education system of the city.

Under the 'Adopt-a-School Mentorship Initiative', senior officials of the Administration, doctors, lawyers, sportspersons, entrepreneurs and experts from other fields will adopt schools and provide guidance to students on topics like health, hygiene, moral values, cyber awareness and life skills. Under the initiative, 42 government schools have been included, which will benefit about 60,000 students.

The Governor said under an MoU signed between the Education Department and reputed coaching institutes of the city under the 'Udaan Project', about 700 brilliant students will be provided free coaching for national-level competitive examinations like JEE, NEET, IAS, PCS and NDA. While launching the "Cashless Campus" service, Kataria called it a revolutionary step in the education system.

**Urgent need for clean energy: Kataria**

UT Administrator Gulab Chand Kataria emphasised that clean energy is not merely an option but a responsibility that each one must shoulder. "By investing in solar energy, electric mobility and sustainable practices, we are not just modernising infrastructure, but safeguarding the future of the next generation," he said at the Green Future Leadership Summit, organised by the PHD Chamber of Commerce and Industry here on Wednesday. The summit brought together policymakers, clean energy experts, innovators and industry leaders from Punjab, Haryana, and Chandigarh to discuss strategies for accelerating the shift toward a cleaner, greener, and more sustainable energy future.

Kataria also attended the closing ceremony of a three-day environmental workshop organised jointly by Vidya Bharati, North Zone, and Regional Medicinal Plants Board, Joginder Nagar, Ministry of AYUSH, Government of India, at the NITTTR here on Wednesday. The workshop witnessed discussions on promoting medicinal plants, preserving traditional knowledge and increasing public awareness through environmental education.

## Guv honours meritorious students, unveils new educational initiatives

TRIBUNE NEWS NETWORK



Students received certificates and cash incentives of Rs 5,000 each

Chandigarh: Punjab governor Gulab Chand Kataria honoured 237 outstanding students from Chandigarh who achieved above 90% marks in Class XII examinations at the Post Graduate Govt College for Girls, Sector 42, Chandigarh, on Wednesday.

Students received certificates and cash incentives of Rs 5,000 each from the UT education department.

On the occasion, the Chandigarh administration introduced three new educational ...

**Adopt-a-School Mentorship Initiative:** It will encompass 42 govt schools, benefiting ... 60,000 ... officials, professionals, and experts will guide students on health, hygiene, moral values, cyber awareness, and life skills, providing practical knowledge beyond academics.

**Udaan Project:** The education department's MoU with prestigious coaching institutes will provide free coaching to 700 talented students for competitive examinations like JEE, NEET, IAS, PCS, and NDA, supporting academically capable students with limited resources.

**Cashless Campus:** The initiative aims to ensure secure and transparent financial transactions whilst promoting digital literacy, supporting the vision of Developed India ...

## पंजाब राजभवन में प्रशासक ने बांटा प्रसाद



## Chandigarh ranked 2nd clean city in India; Kataria receives award from President



PNS ■ CHANDIGARH

Chandigarh has ranked second in the prestigious Swachh Survekshan 2024-25 awards announced by the Ministry of Housing and Urban Affairs. The city has received the rank under the Super Swachh League of cities within the population category of 3-10 lakh in the Swachh Survekshan 2024 rankings.

Gulab Chand Kataria, Governor of Punjab and Administrator, UT Chandigarh, and Harpreet Kaur Babla, Mayor, received the award from President Droupadi Murmu in a function held in New Delhi. The Ministry of Housing and Urban Affairs, Government of India, announced the Swachh Survekshan 2024 rankings. The awards have been presented across four categories, including Super Swachh League Cities and the top three clean cities in five population categories.

Swachh Survekshan 2024-25 adopted a smart, structured approach to assess urban cleanliness and service delivery, offering a complete view of sanitation and waste management in cities. This year, the awards spotlight the theme of "Reduce, Reuse, Recycle." Over 3,000 assessors conducted thorough inspections in every ward across the country over a period of 45 days, the official added.

## तीन से 10 लाख तक की आबादी में चंडीगढ़ दूसरा साफ शहर, नोएडा पहले स्थान पर



# प्रेस विज्ञप्ति

सिटी ब्यूटीफुल से लेक सिटी की कनेक्टिविटी • प्रशासक के प्रयास रंग लाए, मेहंदीपुर बालाजी ज

## उदयपुर के लिए हफ्ते में 2 दिन सीधी ट्रेन को मिली मंजूरी

सिटी रिपोर्टर | चंडीगढ़



इन स्टेशनों पर भी रुकेगी

7 थर्ड एसी, 2 सैकंड एसी कोच होंगे...

## राज्यपाल ने राजभवन कर्मचारियों के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया

मेधावी छात्रों को 7.95 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की



सेक्टर-17 के तिरंगा पार्क में हुआ शहर का मुख्य कार्यक्रम, 2000 लोगों ने लिया हिस्सा

## योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन की एक पद्धति है : गुलाबचंद कटारिया



## दुनिया के सबसे उम्रदराज धावक फौजा सिंह पंचतत्व में विलीन

## कटारिया बोले- दिसंबर में मिले थे, उनका जज्बा कमाल का था

भास्कर न्यूज | जालंधर

राज्यपाल और सीएम मान ने श्रद्धासुमन अर्पित किए, बिताए पल याद किए

दुनिया के सबसे उम्रदराज धावक फौजा सिंह रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। 114 साल के धावक को पैतृक गांव ब्यास पिंड स्थित श्मशानघाट में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।





श्रद्धांजलि देते राज्यपाल कटारिया। (दाएं) फौजा सिंह के बेटों से बातचीत करते सीएम मान।

मंत्री मोहिंदर भगत और अन्य नेता शामिल थे। कटारिया ने पिछले वर्ष फौजा सिंह के साथ अपनी मुलाकात को याद किया। ... जज्बा कमाल का था। उनके लंबे जीवन से युवाओं को सीख लेनी चाहिए। वहीं, सीएम ने धावक को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। ... स्कूल और गांव के खेल स्टेडियम व जालंधर स्पोर्ट्स कॉलेज में उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। सीएम ने कहा, फौजा सिंह के योगदान को देश ...

नागरिकों ने तिरंगा अर्बन पार्क में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जश्न खुशी-खुशी से मनाया

## योग अब केवल व्यायाम का रूप नहीं रह गया है, आंदोलन बन गया है : कटारिया





## श्री गुरु तेग बहादुर की शहादत वर्षगांठ पर शबद-कीर्तन



स्पिरिचुअल जर्नी ऑफ गुरु तेग बहादुर साहिब नाम की चित्रात्मक पुस्तक का विमोचन भी हुआ

केंद्रीय मंत्रियों से मिले प्रशासक कटारिया

## सड़क-रेल नेटवर्क को मजबूत करने और रोजगार बढ़ाने पर चर्चा

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, रेल मंत्री, खेल मंत्री और संचार मंत्री से की मुलाकात





श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वीं शहादत दिवस पर पंजाब राजभवन में शबद कीर्तन

## मैं सौभाग्यशाली हूं कि एक सेवक के रूप में सेवा करने का मौका मिला : कटारिया

सिटी रिपोर्टर | चंडीगढ़



पिक्टोरियल बुक का विमोचन भी किया...

## सोचें कैसा भारत बनाना है, उसी दिशा में कार्य करें युवा: कटारिया





## नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए निगरानी को मजबूत करने की जरूरत : राज्यपाल

राज्यपाल कटारिया ने पंजाब और चंडीगढ़ की महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक की




SWACHH
SURVEKSHAN
2024–2025
This certificate is proudly presented to
CHANDIGARH
For achieving the recognition of
Super Swachh League City
(In 3-10 lakh population category)
Roopa Mishra
Joint Secretary & Mission Director
Swachh Bharat Mission– Urban
Shri Srinivas R Katikithala
Secretary
Ministry of Housing & Urban Affairs

# स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

स्वतंत्रता केवल एक उपहार नहीं, हमारे पुरखों के त्याग और बलिदान से अर्जित एक पवित्र उत्तरदायित्व है। इसे केवल सहेजना ही नहीं, बल्कि अपने परिश्रम, एकता और राष्ट्रभक्ति से और अधिक सशक्त बनाना है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने जिस अद्वितीय समन्वय और संकल्प के साथ राष्ट्र को एकजुट किया, उसी भावना से हम हर चुनौती का सामना करेंगे और देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

**गुलाब चंद कटारिया**
पंजाब के राज्यपाल एवं प्रशासक यू.टी. चंडीगढ़


## पंजाब राजभवन

सेक्टर-6, चंडीगढ़, पिन कोड-160019

ईमेल पताः section.press@gmail.com

आप हमें फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भी फ़ॉलो कर सकते हैं

https://www.facebook.com/G.C.KatariaUDR/
https://www.instagram.com/gulabchand_kataria/
https://x.com/Gulab_kataria/



Printed and Published by DPR, U.T., Chandigarh